हरिभूमि
# रायपुर भूमि









फोटो : रमन हलवाई

## मां एशेछेन...

*रायपुर। मां एशेछेन अर्थात मां आ रही हैं... के घोष से बंगाली समाज द्वारा स्थापित दुर्गा पंडाल गूंज उठे। शंखध्वनि और हुलूध्वनि के साथ सुसज्जित वरण डाला से मां का भक्तिपूर्वक वरण किया गया। बंगाली समाज द्वारा पंचमी तिथि पर माता का आह्वान किया जाता है। इसके बाद अगले दिन धुनुचि नाच होता है। इसी परंपरा को कायम रखते हुए हाथ, सिर और मुंह में धूपदान लेकर कलात्मक नृत्य करते हुए सभी भाव-विभोर हो उठे। ये दृश्य कालीबाड़ी बंगाली समिति में भव्य रूप से देखने मिला। सैकड़ों की संख्या में बंगाली समाज के सदस्य यहां पहुंचे और धूप नृत्य किया। देर रात तक समाज द्वारा स्थापित प्रतिमा के दर्शन के लिए शहरभर से लोग पहुंचते रहे। मां दुर्गा के साथ ही परंपरानुसार माता लक्ष्मी, देवी सरस्वती और गणेश तथा कार्तिकेय की स्थापना यहां की गई है। कालीबाड़ी के अलावा माना में भी बंगाली समिति के आयोजन में धुनुची नृत्य का भव्य रूप दिखा। मान्यता है कि जब महिषासुर वध के लिए देवताओं और लोगों ने देवी दुर्गा का आह्वान किया था तो उनकी शक्ति के प्रति समर्पण दिखाने के लिए यही धुनुची डांस किया गया था।*

## नवरात्रि विशेष



### सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

## देश के किसी भी गार्डन में मार्निंग वॉक करने वालों से टैक्स वसूलने का पहला मामला

# पैसे की ऐसी तंगी, ऊर्जा पार्क में मार्निंग वॉक पर अब देना होगा टैक्स, हर माह 500 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर


लोगों को सेहतमंद रखने सरकार कई तरह के उपाय करती है, इसमें मार्निंग वॉक भी शामिल है। लोगों को मार्निंग वाक करने प्रेरित करने शहर के अलग-अलग इलाकों में गार्डन विकसित करने के साथ खेल मैदान बनाने सहित वॉकिंग ट्रैक विकसित करती है। इसके विपरीत आर्थिक तंगी से जूझ रहे वन विभाग के अफसरों ने अपने गार्डन को संवारने मार्निंग वॉक करने वालों से टैक्स वसूली करने नया फरमान जारी किया है। सीसीएफ कार्यालय रायपुर ने पिछले महीने 25 सितंबर को एक आदेश जारी किया है। जारी आदेश के मुताबिक ऊर्जा पार्क गार्डन (राजीव स्मृति वन) में मार्निंग वाक करने वाले व्यक्तियों से शुल्क वसूलने अनुसंसा की गई है। इसके लिए नियमित मार्निंग वाक करने जाने वालों से प्रति माह पांच सौ रुपए का पास बनवाने तथा बगैर पास के वॉक करने जाने वाले लोगों से प्रति दिन 20 रुपए के हिसाब से शुल्क लेने कहा गया है। मार्निंग वाक करने वाले लोगों से शुल्क वसूली एक अक्टूबर से लागू करने कहा गया है।

### डीएफओ कार्यालय ने जारी किया दिशा-निर्देश

सीसीएफ कार्यालय के पत्र का हवाला देते हुए डीएफओ कार्यालय ने सात अक्टूबर को दिशा निर्देश जारी किया है। डीएफओ कार्यालय ने जो दिशा निर्देश जारी किया है, वह इस प्रकार है-

- बगैर पास किसी भी व्यक्ति को गार्डन में प्रवेश प्रवेश नहीं दिया जाए
- जिन्हें पास जारी किया गया है, उस व्यक्ति को मार्निंग वॉक के समय पास रखना अनिवार्य है
- एक अक्टूबर से पास जारी करें, उसके बाद किसी को भी बिना पास प्रवेश न दें
- आज से ही पास के संबंध में संबंधित व्यक्ति (जिनके द्वारा गार्डन में मार्निंग वॉक किया जाता है, से प्रचार प्रसार करें तथा प्रवेश द्वार पर उक्त संबंध में सूचना पत्र चस्पा करें।
- यदि पासधारी व्यक्ति बिना पास दिखाए गार्डन में प्रवेश करना चाहते हैं, तो उनसे भी प्रति व्यक्ति 20 रुपए शुल्क लेकर प्रवेश देवें।






### रखरखाव से लेकर चपरासी का खर्च वहन नहीं हो रहा

*गौरतलब है कि वन विभाग ने जो पूर्व में गार्डन विकसित किए हैं, उन उद्यानों के रखरखाव के लिए पर्याप्त राशि नहीं होने की वजह से जिन संस्थाओं से जमीन ली गई है, उन संस्थाओं को उद्यानों को सौंपने अनुसंसा की गई है। साथ ही विभाग ने अपने उद्यानों की सैर करने आने वाले लोगों से शुल्क वसूली करने अनुशंसा की है। उसी के परिणाम स्वरूप ऊर्जा पार्क में रखरखाव तथा देख रेख करने वाले चपरासी का खर्च वहन नहीं कर पाने की स्थिति में वन विभाग ने वहां सैर करने आने वाले लोगों से शुल्क वसूलने का निर्णय लिया है।*

### टाइमिंग को लेकर गड़बड़ी

सीसीएफ कार्यालय ने जो आदेश जारी किया है, उसके मुताबिक मार्निंग वॉक का टाइमिंग सुबह पांच से 11 बजे तक निर्धारित किया गया है, जबकी मार्निंग वॉक का समय सुबह पांच से नौ बजे तक होना चाहिए। सुबह दस बजे के बाद पिकनिक मनाने वाले तथा पर्यटक ऊर्जा पार्क की सैर करने जाते हैं। उनसे मनोरंजन शुल्क के रूप में एक निश्चित राशि ली जाती है।

### गार्डन का नाम भी बदल दिया गया

दो दशक पूर्व विकसित किए गए ऊर्जा पार्क जिसे राजीव स्मृति वन के नाम से जाना जाता है, उस पार्क का नाम भी परिवर्तन कर दिया गया है। राजीव स्मृति वन में हर साल अखिल भारतीय स्तर पर वन शहीद दिवस का आयोजन किया जाता है। राजीव स्मृति वन का नाम अब शहीद स्मृति वन किए जाने की जानकारी मिली है।

### सेंट्रल इंडिया का बेहतरीन अर्बन फॉरेस्ट

गौरतलब है कि राजीव स्मृति वन की पहचान सेंट्रल इंडिया का बेहतरीन अर्बन फॉरेस्ट के रूप में होती है। राजीव स्मृति वन में जैव विविधता की भरमार है। इस वन में हर वर्ष हजारों की संख्या में प्रवासी पक्षी आते हैं। इस वन के रखरखाव के लिए हर वर्ष 25 से 30 लाख रुपए की आवश्यकता है।

## 1200 वर्गफीट के निःशुल्क वाले 40 प्रकरण शामिल

# सात माह बाद हो रही थी बैठक अचानक मिली रद्द होने की सूचना, धरे रह गए 80 मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कलेक्टर की अध्यक्षता में 9 अक्टूबर को कलेक्टोरेट परिसर में बुलाई गई जिला नियमितीकरण प्राधिकारी समिति की बैठक स्थगति हो गई है। दोपहर 12 बजे बैठक होनी थी, जिसमें करीबन 80 लंबित प्रकरणों को समिति के समक्ष रखने नगर निवेश निगम मुख्यालय और जोन स्तर के अधिकारियों ने तैयारी कर रखी थी। बैठक से कुछ देर पहले विभागीय अधिकारियों को मैसेज मिला कि नियमितीकरण जांच समिति की बैठक स्थगित हो गई है। 7 माह बाद यह बैठक होनी वाली थी, जिसमें मात्र 80 प्रकरण को ही शामिल करने तैयार किया गया। इसमें से 40 ऐसे प्रकरण रहे, जिन्हें निःशुल्क नियमितीकरण का लाभ आवेदकों को मिलना था, क्योंकि ये सभी प्रकरण 1200 वर्गफीट के दायरे में रहे।



*विभागीय अफसर भी हैरान, मैसेज आया तो पता चला बैठक कैंसिल*

रायपुर नगर निगम के 70 वार्डो में अवैध निमार्ण नियमित कराने 5 हजार प्रकरण 1 साल बाद भी निराकरण के लिए लंबित पड़े हैं। सूत्रों के मुताबिक हर महीने इसके लिए जिला नियमितीकरण प्राधिकारी समिति की बैठक होनी है, पर 1 साल में समिति की केवल 9 बैठक ही हो पाई। आउटर स्थित 4 जोन के सबसे ज्यादा आवेदन नियमितीकरण की कतार में हैं।

### 85 को मिली थी मंजूरी

15 मार्च 2024 को पिछली बार नियमितीकरण जांच समिति की बैठक में महज 85 प्रकरणों पर नियमितीकरण की मंजूरी मिली। इस बार 80 प्रकरण बैठक में रखे जाने की तैयारी हुई, पर बैठक स्थगित होने से आवेदकों को एक बार फिर मायूसी हुई है।

## खबर संक्षेप

### इंजीनियर के घर लाखों की चोरी

**रायपुर**। टिकरापारा थाना क्षेत्र की रावतपुरा कालोनी में रहने वाले पीडब्लूडी इंजीनियर के घर को चोरों ने निशाना बनाते हुए सात लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के जेवर पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस के मुताबिक देवेंद्र मत्स्यपाल अपने परिवार के साथ देवी दर्शन करने दंतेवाड़ा गए हुए हैं। इसका फायदा उठाते हुए चोरों ने इंजीनियर के सूने मकान में धावा बोलकर अलमारी में रखी नकदी तथा जेवर पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल कर रही है।

### बादलों में होती रही गड़गड़ाहट, बारिश नहीं

**रायपुर**। शहर के भीतर मंगलवार को हुई खंड वर्षा से बुधवार को उमसभरी गर्मी से राहत रही। दोपहर बादलों में काफी देर तक गड़गड़ाहट हुई, मगर बारिश की स्थिति नहीं बनी। कल से आसमानी हलचल में कमी आने की संभावना है और तेज धूप के असर दिखाने के आसार बन रहे हैं। बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी की वजह से मौसम उद्वेलित नजर आ रहा है। छाए बादल बरसने के बजाए बिजली गिरा रहे हैं। बुधवार को दोपहर बादलों के गरजने के बीच धरसींवा इलाके में वज्रपात की वजह से एक युवती की मौत हो गई।

# तीन दिन की सरकारी छुट्टी के बीच मरीजों को दशहरा के दिन मिलेगी ओपीडी की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शुक्रवार से लगातार तीन दिन की सरकारी छुट्टी के बीच आंबेडकर और डीके अस्पताल के मरीजों को विजयादशमी के दिन ओपीडी में जांच की सुविधा मिलेगी। शनिवार को सुबह 10 से दोपहर बारह बजे तक मरीज दोनों अस्पतालों में आकर अपनी जांच करवा सकेंगे। अवकाश के दौरान मरीजों को इमरजेंसी की सुविधा मिलती रहेगी।

- आंबेडकर और डीके अस्पताल में शनिवार को दो घंटे की ओपीडी

नियम के मुताबिक सरकारी अस्पतालों में होने वाली ओपीडी को लगातार तीन दिनों तक बंद नहीं किया जा सकता। अभी 11 अक्टूबर शुक्रवार को महानवमी, 12 अक्टूबर शनिवार को विजयादशमी फिर 13 अक्टूबर को रविवार अवकाश रहेगा। लगातार तीन दिवस के सरकारी अवकाश की वजह से शनिवार दशहरे के दिन पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय से संबंधित आंबेडकर अस्पताल और डीके सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल में शनिवार विजयादशमी के दिन दो घंटे ब्राह्य रोग विभाग में मरीजों को जांच की सुविधा दी जाएगी। सुबह दस से दोपहर 12 बजे तक मरीज अस्पताल आकर अपनी आवश्यक जांच करा सकेंगे। इसके बाद रविवार को पुनः अवकाश रहेगा। अस्पताल सूत्रों के अनुसार सोमवार से पुनः ओपीडी की नियमित सेवा प्रारंभ कर दी जाएगी। सरकारी अवकाश के दौरान दोनों अस्पतालों में इमरजेंसी सेवा बहाल रहेगी और मरीज अस्पताल प्रबंधन की ओर से निर्देश जारी किया गया है कि आपात स्थिति में आने वाले मरीजों को तत्काल आवश्यक उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।




### जिला अस्पताल में शुक्रवार को ओपीडी

जिला अस्पताल में तीन दिन की अवकाश अवधि को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार 11 अक्टूबर को महानवमी के दिन ओपीडी का संचालन करने आदेश जारी किया गया है। सिविल सर्जन डॉ. एसके भंडारी ने बताया कि शुक्रवार को सुबह 9 से 11 बजे सभी विभागों के चिकित्सकों को ड्यूटी पर मौजूद रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### स्वास्थ्य केंद्रों में इमरजेंसी

अवकाश की इस अवधि के दौरान तमाम स्वास्थ्य केंद्रों में तीन दिन इमरजेंसी सेवा बहाल रखने के निर्देश जारी किया गया है। प्रसव सहित अन्य समस्याओं समाधान के लिए आने वाले मरीजों को आवश्यक जांच के साथ दवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए है। तीनों दिन रोस्टर के आधार पर प्रभारियों को चिकित्सकीय स्टाफ की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

# सहायक शिक्षक भर्ती की मांग, डीएड अभ्यर्थियों ने किया जल सत्याग्रह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- तूता के धरना स्थल के पास तालाब में उतरकर प्रदर्शन
- सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अनदेखी से हैं नाराज

सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी सहायक शिक्षक पद पर नियुक्ति नहीं देने से नाराज डीएड अभ्यर्थियों ने बुधवार को जल सत्याग्रह कर शासन का ध्यान आकर्षित कराया। इसके साथ ही चेतावनी दी कि कोर्ट के निर्देश का पालन नहीं होने पर इच्छा मृत्यु की मांग करेंगे।

दरअसल, डीएड डिप्लोमा अभ्यर्थी सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेश अनुसार जल्द सहायक शिक्षक पद पर नियुक्ति देने की मांग का लेकर 2 अक्टूबर से नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं, लेकिन अब तक शासन-प्रशासन की ओर से उनकी सुध नहीं ली गई। इस बात को लेकर अभ्यर्थी नाराज हैं। जल सत्याग्रह के अभ्यर्थियों का कहना है कि डीएड की नियुक्ति का आदेश हाईकोर्ट ने 7 माह पहले दिया था, साथ ही सुप्रीम कोर्ट का आदेश आए 1 माह से ज्यादा समय हो गया है। सरकार और ▶▶ शेष पेज 13 पर

## 12 अक्टूबर सुबह 6 बजे से 3 पाली में जोन कमिश्नरों की ड्यूटी

# दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए कुंड तैयार 3 दिनों तक चलेगा मूर्ति विसर्जन


### *विसर्जन स्थल पर क्रेन स्टेज, लाइट, साफ-सफाई का जिम्मा जोन 8 को*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दुर्गा मां की प्रतिमाओं का विसर्जन महादेव घाट पुलिया के पास निर्मित विसर्जन कुंड में किया जाएगा। 12 से 15 अक्टूबर तक प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला चलेगा। नगर निगम प्रशासन ने विसर्जन कुंड की सफाई करवाकर उसमें पानी भरने का काम पूरा करा लिया है। प्रतिमाओं के विसर्जन की प्रशासनिक व्यवस्था के लिए जोन कमिश्नरों की 3 पाली में डयूटी लगाई गई है।

शहरभर के दुर्गा पंडालों में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन की व्यवस्था में निगम प्रशासन जुट गया है। 3 दिनों तक दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन कुंड में किया जाएगा। प्रशासनिक व्यवस्था के तहत निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने 12 अक्टूबर को सुबह 6 बजे से 15 अक्टूबर की सुबह 6 बजे तक जोन कमिश्नरों सहित निगम अमले की तीन पाली में डयूटी लगाई है।

जोन 8 कमिश्नर एके हालदार को विसर्जन स्थल पर लाइट, क्रेन, स्टेज, लाउड स्पीकर और साफ सफाई की व्यवस्था करवाने का जिम्मा दिया गया है। विसर्जन कुंड स्थल के आसपास सुरक्षा के लिहाज से बैरिकेडिंग कराई जा रही है।



# एयर कार्गो से आए 23 सराफा कारोबारियों के चांदी के जेवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मौदहापारा थाना क्षेत्र में तीन दिन पूर्व जब्त नौ क्विंटल 28 किलो चांदी रायपुर सदर बाजार स्थित 23 सराफा कारोबारियों के होने की जानकारी जीएसटी अफसरों को मिली है। इनमें 11 का बिल है, अन्य का बिल नहीं है। जीएसटी अफसरों ने आशंका व्यक्त की है कि सराफा कारोबारियों ने आगामी ▶▶ शेष पेज 13 पर

- तीन दिन पूर्व क्राइम ब्रांच की टीम ने जब्त किए थे सवा नौ क्विंटल चांदी के जेवर

### तीन कारोबारी माल लेने पहुंचे जीएसटी कार्यालय

जिन कारोबारियों के माल पक्के में आए थे, उनमें से तीन कारोबारी अपना माल लेने बुधवार को जीएसटी कार्यालय पहुंचे। अपना माल लेने पहुंचने वाले कारोबारी शहर के नामी तथा चर्चित सराफा कारोबारी बताए जा रहे हैं, जिनका हर माह दिल्ली सहित अन्य राज्यों से चांदी के साथ सोने के जेवर यहां पहुंचते हैं।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411




# नवरात्रि: एक पावन उत्सव

नवरात्रि का पर्व भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह नौ दिनों तक देवी दुर्गा की पूजा और आराधना के लिए समर्पित है। आइए, इस पर्व के बारे में कुछ महत्वपूर्ण बातें जानते हैं:

**नवरात्रि का अर्थ:**
नवरात्रि का अर्थ है 'नौ रातें', जिसमें देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है।

**पौराणिक महत्व:**
देवी दुर्गा ने राक्षस महिषासुर का वध करके संसार में शांति स्थापित की थी। इसलिए, यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।

**पूजा विधि:**
इन नौ दिनों में माता के अलग-अलग रुपों की पूजा की जाती है। भक्त व्रत रखते हैं और मां की आराधना करते हैं।

**व्रत और अनुष्ठान:**
भक्तगण फलाहार करते हैं और अनाज से परहेज करते हैं। कई लोग कलश स्थापना भी करते हैं।

**डांडिया और गरबा:**
गुजरात और महाराष्ट्र में लोग डांडिया और गरबा के साथ उत्सव मनाते हैं। यह नृत्य देवी की आराधना का रूप है।

**दुर्गा पूजा:**
पश्चिम बंगाल में दुर्गा पूजा के भव्य पंडाल सजते हैं। देवी दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन दसवें दिन किया जाता है।

**कन्या पूजन:**
अष्टमी और नवमी के दिन कन्या पूजन का विशेष महत्व है। छोटी कन्याओं को देवी का रुप मानकर उनकी पूजा की जाती है।

**सजावट और रोशनी:**
इस दौरान घरों, मंदिरों और पंडालों को दीपों और रंग-बिरंगी लाइट्स से सजाया जाता है।


**सांस्कृतिक एकता:**
यह पर्व भारत के हर कोने में एकता, भक्ति, और प्रेम का संदेश देता है।

**विजयादशमी:**
नवरात्रि के बाद दशहरे का पर्व मनाया जाता है, जो रावण पर राम की विजय का प्रतीक है।
नवरात्रि का यह पर्व भक्ति, ऊर्जा, और सकारात्मकता का संदेश देता है। आइए, हम सभी इस पर्व को श्रद्धा और प्रेम के साथ मनाएं।
























## महाराष्ट्र मंडल में गरबा समारोह कल

रायपुर। नवरात्रि के अवसर पर चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल में 11 अक्टूबर को अष्टमी पूजा के बाद रात्रि 8 बजे एक दिवसीय गरबा समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उपाध्यक्ष गीता दलाल के मुताबिक मंडल के आजीवन सभासदों के भारी मांग के चलते महाराष्ट्र मंडल में गरबा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी दौरान महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने सभी 16 केंद्रों की संयोजिकाओं, सह संयोजिकाओं, विभिन्न समितियों के प्रमुखों, सह प्रमुखों और सभी कार्यकारिणी सदस्यों को न केवल गरबा उत्सव में आमंत्रित किया है, बल्कि अपनी-अपनी टीमों को भी आयोजन स्थल पर लाने की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र मंडल में गरबा पारंपरिक परिधान में किया जाएगा। यह कार्यक्रम में महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में होगा।

## निधन

### कांता वीरनानी



रायपुर। कटोरा तालाब निवासी कांता वीरनानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 9 अक्टूबर को न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे मनोज वीरनानी की पत्नी और कनिष्क, टप्पू की माता थीं।

### पुरुषोत्तम झा



रायपुर। कुम्हारी कैवल्य बालाजी पार्क निवासी पुरुषोत्तम झा कटोरी वाले (71) का 9 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 10 अक्टूबर को सुबह 11 बजे महादेवघाट मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे पल्लव झा, पूनम झा, पूजा झा के पिता तथा विजय कुमार झा के बहनोई थे।

### इंदर सिंह मथारू



रायपुर। पंडरी निवासी सरदार इंदर सिंह मथारू (85) का 9 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 10 अक्टूबर को सुबह 10.30 बजे उनके निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे बलदेव सिंह, सुखदेव सिंह, जसमेल सिंह के पिता थे।

### संजय चावला



रायपुर। तेलीबांधा निवासी संजय चावला (32) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 9 अक्टूबर को तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे दिलीप, मनोज, अनिल, दीपेश, जगदीश, मोहन, आकाश, सन्नी, बंटी, सुमित चावला के भाई थे।

### द्रोपदी देवी कोडवानी



रायपुर। बाबा गेलाराम नगर देवपुरी निवासी द्रोपदी देवी कोडवानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 9 अक्टूबर को न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे ईश्वर कोडवानी की पत्नी और शंकर, वंश कोडवानी की माता, समृद्ध कोडवानी की दादी एवं राजेश प्रीतवानी, अमर प्रीतवानी, नरेश असनानी, नवीन गोपलानी, सतीश जेठवानी की सास थीं। उनके निधन पर जलगांव साहेब के महंत साई देवी दास, महंत अम्मा मीरा देवी, साईं भीष्म शदाणी, साईं उदय शदाणी सहित सिंधी समाज के लोग शामिल हुए और श्रद्धांजलि दी।

# दिवाली पर शहर आना महंगा, विभिन्न शहरों की फ्लाइट का किराया दोगुना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

चौबीस से अड़तालीस घंटे पहले फ्लाइट का टिकट पांच से छह हजार में आसानी से मिल रहा है, मगर दिवाली के पहले इन्हीं शहरों से रायपुर आने के लिए टिकट बुक कराने दस हजार रुपए तक खर्च करने पड़ रहे हैं। त्योहार पर अपने घर यानी शहर आना महंगा हो गया है और इसका किराया आने वाले दिनों में यात्रियों के साथ और बढ़ने की संभावना है।

महीने के अंत में दिवाली है और त्योहार मनाने के लिए उस दौरान विभिन्न शहरों में नौकरी अथवा पढ़ाई करने वाले घर आते हैं। इसके लिए की परिवार ने अपना प्रोग्राम बना लिया है और टिकट भी बुक कराने लगे हैं। इसका असर विभिन्न शहरों से रायपुर आने वाली फ्लाइट के एयर फेयर पर नजर आने लगा है। ऑफ सीजन होने की वजह से दिल्ली से रायपुर आने का टिकट 24 घंटे पहले साढ़े पांच से साढ़े छह हजार में मिल जा रहा है, मगर दिवाली के पहले के टिकट बुक कराने दस हजार रुपए तक खर्च करने पड़ रहे हैं। उस अवधि में दिल्ली के साथ अन्य शहरों का फेयर भी लगभग दोगुना हो गया है। ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों के अनुसार आने वाले दिनों में फेयर और बढ़ने की उम्मीद है, क्योंकि यात्रियों की संख्या स्वाभाविक रूप से बढ़ेगी।

## प्रमुख शहरों से रायपुर आने का एयर फेयर दस हजार तक पहुंचा

### दिवाली के पहले दो नियमित उड़ान

दिवाली के ठीक पहले इंडिगो अपनी दो उड़ानों को नियमित करने की तैयारी में है। अभी सप्ताह में तीन और चार दिन चलने वाली पुणे और चेन्नई की फ्लाइट 27 अक्टूबर से नियमित रूप से संचालित होगी। उड़ान नियमित होने का फायदा अक्सर वहां आने जाने वाले यात्रियों को मिलेगा, मगर दिवाली के दौरान वहां से आने वाले यात्रियों को ज्यादा किराया देना होगा।



### किराया अभी और तब

| शहर | 10 अक्टूबर | 29 अक्टूबर |
|---|---|---|
| दिल्ली-रायपुर | 54 से 6400 | 83 से 9500 |
| मुंबई-रायपुर | 6800 से 7 हजार | 12 से 13 हजार |
| पुणे-रायपुर | 10 हजार | 18 हजार |
| बेंगलुरु-रायपुर | 9 हजार | 14 हजार |

# दक्षिण के दंगल में दुर्ग और राजनांदगांव के नेताओं की एंट्री

## कहा- बाहरी नेताओं को हम पर थोपा, हमें भी दो टिकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के विधानसभा और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने एक जिले के नेताओं को दूसरे जिलों में खूब टिकट दिया। अब रायपुर दक्षिण उपचुनाव में इसका साइड इफेक्ट कांग्रेस को ही भारी पड़ता नजर आ रहा है। राजनांदगांव और दुर्ग के कांग्रेस नेताओं ने भी रायपुर दक्षिण सीट पर दावेदारी ठोंक दी है। राजनांदगांव के सीनियर नेताओं ने डॉ. आफताब आलम को टिकट दिलाने के लिए कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, पीसीसी चीफ दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत और पूर्व सीएम भूपेश बघेल से मिलकर टिकट की मांग की है।

- पायलट, बैज, महंत, भूपेश से मिलकर की राजनांदगांव के नेता को टिकट की मांग

वहीं कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे मोतीलाल वोरा के भतीजे एवं अमृत संदेश के प्रधान संपादक गोविंद वोरा, रायपुर के पुत्र राजीव वोरा ने भी दक्षिण के दंगल में दावा ठोंक दिया है। राजनांदगांव के नेताओं ने कहा है कि तीन बार वहां बाहर के नेताओं को टिकट दिया गया। तब सभी नेताओं ने तन, मन, धन से कांग्रेस के पक्ष में काम किया। अब राजनांदगांव के नेता को भी रायपुर दक्षिण में अवसर मिलना चाहिए। दूसरी ओर बाहरी नेताओं की दावेदारी ने दक्षिण के स्वाभाविक दावेदारों के बीच खलबली मचा दी है।




### तो हमें रायपुर से टिकट क्यों नहीं?

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महामंत्री और राजनांदगांव के कद्दावर नेता कुतुबुद्दीन सोलंकी का कहना है कि अब तक करुणा शुक्ला, गिरीश देवांगन और भूपेश बघेल राजनांदगांव से चुनाव लड़ चुके हैं। तीनों बार कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खूब मेहनत किया। रायपुर दक्षिण में अल्पसंख्यक समाज के वोट काफी अधिक हैं। ऐसे में डॉ. आफताब आलम को रायपुर दक्षिण से टिकट दिया जाना चाहिए।

### बाहरी पर जुबानी जंग भी

रायपुर दक्षिण में बाहरी नेताओं की दावेदारी को लेकर जुबानी जंग भी छिड़ गई है। कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि कांग्रेस किसी को भी लड़ा ले, उसकी हार तय है। दूसरी ओर पूर्व मंत्री शिव डहरिया ने कहा कि टिकट की दावेदारी का हक सबको है। पार्टी जिताऊ प्रत्याशी को ही मैदान में उतारेगी। किसे टिकट देना है, इसका फैसला हाईकमान करेगा।

### बाहरी दावेदार भाजपा में भी कम नहीं

रायपुर दक्षिण में बाहरी दावेदारों की एंट्री कांग्रेस में तो अभी हुई है, लेकिन भाजपा में बाहर के नेताओं की कमी नहीं है। संजय श्रीवास्तव, मीनल चौबे, अमित साहू, केदार गुप्ता भी दक्षिण विधानसभा के बाहर के हैं और वे भी मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं। चूंकि भाजपा ने भी कुछ सीटों पर बाहरी प्रत्याशी लड़ाए हैं। इसलिए इन दावेदारों की उम्मीदें भी काफी अधिक है।

# छत्तीसगढ़ में 36 दिन में बने 36 लाख भाजपा सदस्य

## जहां नेटवर्क नहीं वहां ऑफलाइन बनाने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के संगठन महापर्व-सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक व प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव ने कहा, 36 दिनों में छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के 36 लाख सदस्य बनाए जा चुके हैं। भाजपा के सदस्यता अभियान को प्रदेशभर में जबर्दस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। जो लोग ऑनलाइन सदस्य नहीं बन पा रहे हैं, उनकी मांग को देखते हुए अब ऑफलाइन सदस्य बनाने का अभियान भी युद्धस्तर पर चल रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने का उत्साह देखकर यह लग रहा है कि आने वाले कुछ ही दिनों में 50 लाख से अधिक सदस्य बना लिए जाएंगे।

- जल्द पार करेंगे 50 लाख की संख्या

उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा ने विशेष अभियान भी चलाकर सदस्यता के लक्ष्य की प्राप्ति में बड़ी छलांग लगाई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, उप मुख्यमंत्री अरुण साव व विजय शर्मा समेत प्रदेश सरकार के सभी मंत्री, सांसद-विधायक, पदाधिकारी व कार्यकर्ता बूथ स्तर तक पहुंचकर सदस्यता के लक्ष्य को पार करने में लगातार जुटे हुए हैं। सदस्यता अभियान को और तेज गति देने के लिए 6 और 7 अक्टूबर को एक बार पुनः विशेष सदस्यता अभियान चलाया गया जिसमें प्रदेश में 4 लाख सदस्य बनाए गए। अब तक ऑनलाइन सदस्य बनाने के बाद अब छत्तीसगढ़ में अब ऑफलाइन फॉर्म भरकर भी लोगों को सदस्य बनाया जा रहा है। प्रदेश में अब तक भाजपा के 36 लाख सदस्य बनाए जा चुके हैं।




### भाजयुमो की 20 रथ यात्राएं

इधर सदस्यता को गति प्रदान करने प्रदेश के सभी पांच संभागों से भारतीय जनता युवा मोर्चा की 20 रथ यात्राएँ प्रारंभ हो चुकी हैं। पार्टी के सभी मोर्चा-प्रकोष्ठों को भी अभियान की सफलता के लिए लक्ष्य सौंपकर जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने कहा, नमो एप, वेब साइट की लिंक, रेफरल लिंक और मिस्ड कॉल के जरिए सदस्यता अभियान को गति देने के बाद पार्टी कार्यकर्ता पूरे समर्पण के साथ जिन क्षेत्रों में नेटवर्क नहीं है या जिन लोगों को ऑनलाइन सदस्य नहीं बनाया जा सक रहा हो, वहाँ घर-घर सम्पर्क कर ऑफलाइन सदस्यता के अभियान में जुट गए हैं।

### हर मंडल में बनेंगे सक्रिय सदस्य

भाजपा सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक श्री सिंहदेव ने कहा कि इसी के साथ पार्टी के सक्रिय सदस्य बनाने का अभियान भी शुरू होने जा रहा है। प्रत्येक मंडल में 200 सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। सक्रिय सदस्यता अभियान के लिए भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव को प्रदेश प्रभारी बनाया गया है।

# हरियाणा में कांग्रेस के जलेबी ऑर्डर पर केदार ने कसा तंज, कहा- शपथ में खिलाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरियाणा के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने शानदार जीत की साथ सत्ता की 'हैट्रिक' लगाई है। परिणाम आने से पहले कांग्रेस ने जीत की उम्मीद के साथ जलेबी का ऑर्डर दिया था, इसे लेकर वन मंत्री केदार कश्यप ने तंज कसते हुए विपक्ष की कांग्रेस को शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया है।

- कांग्रेस के लिए देश में नेता खोजना मुश्किल हो गया

उन्होंने कहा, कांग्रेस पिछले 15 वर्षों से लगातार मिठाइयों का ऑर्डर दे रही है, लेकिन ऑर्डर उठा नहीं पा रही है। उनका काम नहीं चल पा रहा है, उनके नेता नहीं चल पा रहे हैं। उन्होंने इस बार भी जलेबी का आर्डर दिया था, लेकिन जलेबी भी नहीं चल पाई।

### पूर्व मंत्री भगत पर ली चुटकी



छत्तीसगढ़ में 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले अमरजीत भगत ने भी हार पर मूंछ मुंडवाने का दावा किया था। मंत्री केदार कश्यप ने चुटकी लेते हुए कहा, मूंछ कटवाने की बात हुई थी, बाद में पता चला कि मूंछ छंटवाया है। जिनकी मूंछ को जनता ने ही काट दिया है, वो तो अब मूंछ दिखाने के लायक भी नहीं रहे।

### शपथ ग्रहण समारोह में जलेबी खिलाएंगे

मंत्री कश्यप ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा, हम आमंत्रित करते हैं, उनको मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण में आएं उस दिन उनको जलेबी खिलाएंगे। कांग्रेस के लोग बड़ी-बड़ी बातें कर रहे थे, उनके राष्ट्रीय प्रवक्ता कह रहे थे कि अपना नाम बदल लेंगे, अब पता नहीं कौन सा नाम रखेंगे।

### जम्मू-कश्मीर में हार को लेकर मंत्री कश्यप का बयान

वहीं उन्होंने जम्मू कश्मीर में आए परिणाम को लेकर कहा, हमारा जो परफॉर्मेंस था, उससे वहां वोट प्रतिशत बढ़ा है। भाजपा सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। आने वाले समय में बेहतर काम करेंगे, क्योंकि जम्मू कश्मीर भारत का ही अंग है। नरेंद्र मोदी की जो भी योजनाएं हैं, उनका वहां कार्य नजर आया है।

### उपचुनाव को लेकर कांग्रेस पर साधा निशाना

उन्होंने रायपुर दक्षिण विधानसभा में कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार चुने जाने को लेकर विपक्ष के नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के लिए देश में नेता खोजना मुश्किल हो चुका है। कांग्रेस के बड़े नेता ही सर दर्द बन चुके हैं।

## हेरोइन चिट्टा के साथ तीन गिरफ्तार



रायपुर। आमानाका थाने की पुलिस ने पंजाब के तीन लोगों को हेरोइन चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चार ग्राम हेरोइन चिट्टा के साथ इलेक्ट्रिक तराजू जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक पंजाब, तरण तारण निवासी आकाशदीप सिंह, हरप्रीत सिंह उर्फ प्रीत तथा अवतार सिंह उर्फ तारा के कब्जे से पुलिस ने हेरोइन चिट्टा जब्त किया है। पुलिस ने तीनों को एक होटल से गिरफ्तार किया है।

## रेप का आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। गंज थाने की पुलिस ने युवती की शिकायत पर शादी करने का झांसा देकर रेप तथा ब्लैकमेल करने के आरोपी को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक युवती से रेप तथा ब्लैकमेल करने के आरोप में मध्यप्रदेश, रींवा निवासी सुजीत कुमार सेन को गिरफ्तार किया गया है। युवती ने पुलिस को बताया है कि सुजीत ने उसके साथ शादी करने का झांसा देकर रेप किया। शादी के लिए दबाव बनाने पर सुजीत ने उसकी अश्लील फोटो वायरल कर ब्लैकमेलिंग की।

पेज 11 के शेष ...

### सहायक शिक्षक भर्ती...

विभाग ने अभी तक आदेश का पालन नहीं किया है और न ही डीएड अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी गई है। कोर्ट के आदेश का पालन नहीं करने से अराजकता फैलेगी। अभ्यर्थियों ने चेतावनी दी है कि सांकेतिक प्रदर्शन के बाद भी सरकार और संबंधित विभाग यदि उन्हें नियुक्ति नहीं देती, तो वे विवश होकर इच्छामृत्यु की मांग करेंगे।

### एयर कार्गो से ....

दीपावली सीजन को ध्यान में रखते हुए कच्चा के साथ पक्के में चांदी के जेवर मंगाए हैं। जीएसटी अफसरों के मुताबिक चांदी के जेवर दिल्ली-आगरा के रास्ते एयर कार्गो से रायपुर पहुंचे हैं। जीएसटी के अफसरों के मुताबिक जिस मिनी डोर से चांदी का जेवर परिवहन किया जा रहा था, उस मिनी डोर के ऑपरेटर को नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए तलब किया गया है। जीएसटी सूत्रों के मुताबिक 11 कारोबारियों ने जो बिल पेश किया है, उस बिल में कई खामियां हैं, जिसकी जांच की जा रही है।

# किराया सूची चस्पा नहीं करने वाले 76 बस मालिकों के खिलाफ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बसों में किराया सूची चस्पा नहीं करने वाले 76 बस मालिकों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की गई है। उल्लेखनीय है कि त्योहारी सीजन शुरू होने के साथ ही लोकल तथा लंबी दूरी के लिए यात्रा करने वालों की बसों में आवाजाही शुरू हो जाती है। लंबी दूरी की यात्रा को लेकर यात्रियों के साथ बस कंडक्टर के साथ टिकट किराया को लेकर अक्सर विवाद की स्थिति निर्मित होती है। यात्रियों से अधिक किराया वसूली की शिकायत मिलने पर बसों में अनिवार्य रूप से किराया सूची चस्पा करने परिवहन विभाग ने निर्देश दिए हैं।

- ज्यादा भाड़ा लेने की शिकायत पर परिवहन विभाग ने बसों में किराया सूची चस्पा करने दिए हैं निर्देश



परिवहन आयुक्त एस. प्रकाश तथा अतिरिक्त परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर के निर्देश पर रायपुर आरटीओ आशीष देवांगन तथा अफसरों ने मंगलवार तथा बुधवार को अभियान चलाकर बसों की जांच की। जांच के दौरान 76 बसों में किराया सूची चस्पा नहीं पाया गया। इसके चलते बस संचालकों से 55 हजार रुपए जुर्माना राशि वसूल की गई। साथ ही मालवाहक वाहन में यात्री ढोने पर छह वाहन मालिकों से 21 हजार छह सौ रुपए जुर्माना वसूल करने के साथ वाहन जब्ती करने की कार्रवाई की गई। परिवहन अफसरों ने त्योहारी सीजन में नियमित बसों की जांच करने की बात कही। साथ ही परमिट नियमों का उल्लंघन करने पर परमिट निरस्त करने की चेतावनी दी है।


## आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने सुनील कुमार पिता रावलदास निवासी-भाटापारा, जिला - रायपुर (छ.ग.) के आधिपत्य व स्वामित्व की भूमि जो वाके मौजा–आमासिवनी, प.ह.नं. 42, रा.नि.मं. रायपुर - एक तह व जिला - रायपुर (छ.ग.) स्थित जिसका खसरा नंबर 163/3 रकबा 0.4050 हे. भूमि को किराये पर दिये जाने का पक्का इकरारनामा का निष्पादन किया है।

अतः जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय को उपरोक्त इकरारनामा पर किसी भी तरह की हक, उजर, दावा, आपत्ति हो वह इस आमसूचना प्रकाशन के 4 दिनों के अंदर अपने आपत्ति लिखित रूप से मय दस्तावेज मेरे नीचे लिखे पते पर मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि समाप्ति उपरांत कोई भी दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा विधि अनुसार शून्य करणीय मानी जावेगी।

अतः सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक – 05/10 /2024

भवदीय
सी.एम. नायक (अधिवक्ता) गायत्री हॉस्पिटल के पीछे, तरूण नगर, डंगनिया, रायपुर
तह. व जिला - रायपुर (छ. ग.)
मो. 7987009519

## आम सूचना

वाके मौजा बनरसी, प.ह.नं. 00017, रा.नि.मं.- समोदा तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 97, 98/2 रकबा क्रमशः 0.05500 हेक्टेयर, 0.1000 हेक्टेयर भूमि के संबंध में।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार धनंजय कुमार साहू पिता कमलनारायण साहू, निवासी- कचना रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा विक्रेता बिहारी वर्मा पिता श्री जगदीश वर्मा निवासी - बनरसी, बाना, समोदा तहसील आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.) के आधिपत्य व स्वामित्व की भूमि जो कि वाके मौजा-बनरसी, प.ह.नं. 00017, रा.नि.मं.-समोदा तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 97, 98/2 रकबा क्रमशः 0.05500 हेक्टेयर, 0.1000 हेक्टेयर भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दिया है एवं शेष राशि का भुगतान बैनामें के निष्पादन के समय किये जाने की बात हुई है

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय बैंक, बीमा, वित्तीय संस्था, निगम, निकाय, बोर्ड, प्राधिकरण निजी संस्था आदि को किसी भी प्रकार की उजर आपत्ति है। तो यह इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिन के भीतर अपनी, उजर, आपत्ति का दावा मेरे कार्यालय में सुसंगतमय दस्तावेज के साथ प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद म्याद की गई किसी भी प्रकार की उजर, आपत्ति या दावा के लिए मेरे पक्षकार पर कोई बंधनकारी नहीं होगा और यह अपने पक्ष में रजिस्ट्री बैनामा करवा लेगा। सो सूचना जानें।

रायपुर, छत्तीसगढ़ दिनांक : 09.10.2024
अजय मिश्रा (अधिवक्ता)
पता-गणपत चौक, हीरापुर, रायपुर (छ.ग.)
Mob. : 8889990034, 95756-98096

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्रमांक/202410115600007/अ-6/ 2023-2024 रायपुर, दिनांक 07/10/2024 ग्राम-भाठागाँव प.ह.नं.- 60, तहसील व जिला रायपुर

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती प्रियंका पाण्डेय पति दिलीप पाण्डेय निवासी भाठागॉव तहसील व जिला रायपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि उनके द्वारा ग्राम भाठागॉव, प.ह.नं. 60, रा.नि.नं. रायपुर-13, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 360/24 रकबा 0.0081 हे. भूमि को पक्ष क्रमांक 2 भागवत साहू पिता बंशीलाल साहू निवासी डूंडा तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत तबादलानामा दिनांक 31/12/2009 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अतः उक्त भूमि का नामांतरण पंजीकृत तबादलानामा दिनांक 31/12/2009 के अनुसार आवेदिका के नाम पर दर्ज किये जाने हेतु आवेदिका का निवेदन है। उक्त प्रकरण की सुनवाई में दिनांक 28/10/2024 को होगी। अतएव उक्त भूमि को आवेदक के नाम नामांतरण किये जाने से जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 28/10/2024 को इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है बाद मियाँद प्राप्त आपत्ति पर इस न्यायालय द्वारा कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 07/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार,
रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र./202410110200020 / ब-121/2023-24
रायपुर, दिनांक 03/10 /2024

ग्राम कचना, प.ह.नं. 110/43, तहसील व जिला रायपुर,

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गोविन्द बारले पिता स्व. श्री जगमोहन बारले निवासी सत्य नगर कचना रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में डुप्लिकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने बाबत आवेदन पत्र पेश कर आवेदन पत्र में लेख किया है कि ग्राम कचना, प.ह.नं. 110/43, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 1095/6 रकबा 0. 0490 हे. भूमि राजस्व रिकार्ड में श्रीमती सविता बारले, रजनी बारले, रोबिन बारले व गोविन्द बारले के नाम से शामिलात खाते में दर्ज है। उपरोक्त वर्णित भूमि का आवेदक के पास पूर्व में ऋण पुस्तिका उपलब्ध था, जो कि कहीं गुम हो गया है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका गुम हो जाने की सूचना संबंधित थाना खम्हारडीह को दिया गया। अतएव उक्त भूमि का डुप्लिकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 21/10/2024 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
रायपुर





**खबर संक्षेप**

## रावणभाठा में 60 फीट का जलेगा रावण




**रायपुर।** टिकरापारा के रावणभाठा मैदान पर इस बार भी रावण दहन का कार्यक्रम सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति करने जा रही है। 12 अक्टूबर को शाम 4 से रात 8 बजे तक मैदान पर उत्सव का माहौल रहेगा। दशहरा उत्सव का ऐतिहासिक महत्व दूधाधारी मठ से जुड़ा है। 1610 में विम्बाजी राव और बलभद्राचार्य द्वारा स्थापित दूधाधारी मठ से उत्सव की परंपरा जुड़ी है। यह शहर के अन्य दशहरा उत्सव से इसे खास स्थान दिलाता है। दूधाधारी मठ का यह सांस्कृतिक उत्सव छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। बुधवार को पत्रकारवार्ता में यह जानकारी दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष मनोज वर्मा, संयोजक सुशील ओझा व सचिव अमित साहू ने दी।

## राज्यपाल ने लोहारीडीह मामले में मांगी रिपोर्ट

**रायपुर।** कवर्धा जिले के ग्राम लोहारीडीह अग्निकांड मामले में राज्यपाल रामेन डेका ने संज्ञान लिया है। राज्यपाल के अवर सचिव ने गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव को पत्र भेजकर लोहारीडीह मामले में आवश्यक कार्यवाही करने और कार्रवाई के बाद छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग एवं राज्यपाल के सचिवालय को अवगत कराने का निर्देश दिया है। कवर्धा के लोहारीडीह हिंसा मामले में जेल बंद कैदियों से राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक ने 24 सितंबर को मुलाकात की थी, इसके बाद नायक ने आरोप लगाया कि जेल में बंद 33 महिलाओं को निर्वस्त्र करके पीटा गया है। महिलाओं के शरीर पर चोट के निशान हैं।

## चार नए जिला सहकारी बैंक शुरू करने की तैयारी



**रायपुर।** सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने बुधवार को सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी कि रिजर्व बैंक तथा नाबार्ड के मापदंडों का अनुपालन करते हुए छत्तीसगढ़ में चार नवीन जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के गठन की प्रक्रिया आरम्भ कर दी गई है। महासमुंद तथा गरियाबन्द को मिलाकर नवीन बैंक, जांजगीर-चाम्पा, कोरबा तथा शक्ति को मिलाकर एक नवीन बैंक, कांकेर तथा नारायणपुर को मिलाकर नवीन सहकारी बैंक एवं रायगढ़, जशपुर व सारंगढ़ मिलाकर नवीन जिला सहकारी केंद्रीय बैंक खोले जाएंगे।

# टीबी मरीजों की पोषण राशि होगी दोगुनी, एक नवंबर से खाते में हर महीने एक हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टीबी संक्रमण से जूझ रहे मरीजों की पोषण राशि दोगुनी कर दी गई है। एक नवंबर से पंजीकृत मरीजों के खाते में हर महीने पांच सौ के बजाए एक हजार रुपए जमा कराया जाएगा। इसके साथ ही शारीरिक रूप से ज्यादा कमजोर पाए जाने वाले मरीजों को पोषण के लिए अतिरिक्त प्रोटीन किए जाने की योजना है। रायपुर जिले में टीबी के संक्रमित पंजीकृत मरीजों की संख्या 54 सौ और राज्य में 29 हजार से ज्यादा है। इनमें 20854 को एनपीवाय मिल गया है। जनवरी 2023 से 30 सितंबर 2024 तक 9461 निक्षय मित्र पंजीकरण किया गया है।

जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार द्वारा टीबी मरीजों को उपचार अवधि के दौरान पोषण राशि के रूप में पांच सौ रुपए का भुगतान किया जाता है। यह राशि सीधे उनके खाते में ट्रांसफर की जाती है कुछ समय पहले इस राशि को दोगुनी करने का फैसला लिया गया था जिसे एक नवंबर से लागू करने का आदेश जारी कर दिया गया है। केंद्र के निर्देश पर एक नवंबर से दोगुनी पोषण राशि छत्तीसगढ़ के मरीजों को भी प्राप्त होगी।

छत्तीसगढ़ को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त राज्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है इसके तहत बड़े स्तर पर अभियान चलाकर लोगों की जांच की जा रही है और संक्रमित पाए जाने वाले मरीजों को निशुल्क उपचार के साथ शासन द्वारा अन्य सुविधाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। पोषण राशि के अलावा उन मरीजों को निक्षय मित्र योजना के तहत दो महीने के लिए अतिरिक्त प्रोटीन भी उपलब्ध कराया जाएगा जो शारीरिक रूप से ज्यादा कमजोर है।

### शारीरिक रूप से कमजोर संक्रमितों को अतिरिक्त प्रोटीन उपलब्ध कराने की योजना

**एआई तकनीक से 3200 की जांच**

टीबी की रोकथाम के लिए मरीजों को छह माह तक विभिन्न योजनाओं के तहत सुविधा प्रदान की जाती है। रायपुर जिले के नोडल अफसर डॉ. अविनाश चतुर्वेदी ने बताया कि एआई तकनीक से टीबी संक्रमितों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। रायपुर जिले में अब तक इस तकनीक की मदद से 3200 लोगों की जांच की गई है जिसमें से 18 सौ के स्वाब टेस्ट के लिए भेजे गए है और चार की रिपोर्ट पॉजिटिव आ चुकी है। एआई के माध्यम से फेफड़े के एक्सरे के लिए विभिन्न स्थानों में शिविर लगाए जा रहे हैं।



**गाइडलाइन का इंतजार**

एक नवंबर से टीबी मरीजों को एक हजार रुपए पोषण राशि देने की तैयारी है। इसके लिए तकनीकी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। टीबी संक्रमितों को अतिरिक्त प्रोटीन के साथ परिवार को निक्षय मित्र योजना के तहत कवरेज करने के मामले में केंद्र सरकार से विस्तृत गाइडलाइन मिलने का इंतजार किया जा रहा है।

- **डॉ. खेमराज सोनवानी,** नोडल अफसर, क्षय नियंत्रण कार्यक्रम

## बंदियों को जेल प्रबंधन फलाहार में उपलब्ध करा रहा दूध, केला

# देवी भक्ति में डूबा रायपुर सेंट्रल जेल, पौने आठ सौ बंदी कर रहे नवरात्रि उपवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सेंट्रल जेल रायपुर इन दिनों देवी भक्ति से सराबोर है। जेल के बंदी मां दुर्गा की पूजा करने के साथ ही नवरात्रि के अवसर पर व्रत कर रहे हैं। उपवास करने वाले बंदियों के लिए जेल प्रशासन ने विशेष इंतजाम किया है। बंदियों को फलाहार के रूप में दूध के साथ केला दिया जा रहा है।

■ जेल के बंदियों ने मूर्ति बनाने के साथ पंडाल सजाया

जेल सुपरिटेंडेंट अमित शांडिल्य के मुताबिक जेल में स्थापित दुर्गा प्रतिमा जेल के बंदियों ने बनाई है। साथ ही पंडाल सजाने का काम जेल के बंदियों ने किया है। जेल सुपरिटेंडेंट के अनुसार जेल में रह रहे पौने आठ सौ बंदियों ने नौ दिनों तक नवरात्रि व्रत रखने का संकल्प लिया है। व्रती बंदियों के लिए जेल प्रशासन फलाहार के रूप में दूध के साथ केला उपलब्ध करा रहा है। जेल सुपरिटेंडेंट के अनुसार सुबह जेल के बंदी स्नान ध्यान करने के बाद देवी मां की पूजा अर्चना करने के बाद जसगीत गाते हैं। पूजा के समय सभी वर्ग के बंदी उपस्थित रहते हैं।



**एक महीना पहले से जुटे थे तैयारी में**

जेल प्रशासन के मुताबिक जेल में सभी धर्मों के पर्व को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। पर्व के अवसर बंदियों को उनके मनपसंद पकवान परोसे जाते हैं। जेल अफसरों के मुताबिक गणेशोत्सव के समय से ही जेल में बंदियों द्वारा दुर्गा स्थापना का निर्णय लिया था। इसके लिए जेल प्रशासन ने बंदियों को जरूरत के हिसाब से संसाधन उपलब्ध कराने का काम किया।

**बंदियों ने बनाई मूर्ति**

जेल प्रशासन के मुताबिक जेल के बंदियों ने गणेशोत्सव के समय से ही दुर्गा प्रतिमा निर्माण का काम शुरू कर दिया था। प्रतिमा बनाने जेल प्रशासन ने मिट्टी उपलब्ध कराने के साथ ही अन्य साजो सामान उपलब्ध कराया। प्रतिमा में जो रंग रोगन किए गए हैं, वह ईको फ्रेंडली कलर है।

**जेल के तालाब में मूर्ति विसर्जन**

जेल प्रशासन के अनुसार शुक्रवार को हवन करने के बाद दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। प्रतिमा विसर्जन जेल में बने तालाब में किया जाएगा। प्रतिमा विसर्जन के बाद नवरात्रि का उपवास कर रहे बंदियों को फलाहार वितरण किया जाएगा। साथ ही जेल में बंद बंदियों को प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

## छूटे हितग्राहियों का केवाईसी-नवीनीकरण करने के साथ जमा करें डीडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खाद्य विभाग के अधिकारी भूपेंद्र मिश्रा ने राशन दुकान संचालकों की बैठक लेकर निर्देश दिए हैं कि उनकी राशन दुकानों में पंजीकृत छूटे हुए कार्ड धारकों का नवीनीकरण एवं ई-केवाईसी का काम जल्द से जल्द पूर्ण करें। इस दौरान उन्होंने खाद्यान्न के बदले समय पर डीडी जमा करने के भी निर्देश दिए हैं।

■ खाद्य विभाग अधिकारी ने दुकान संचालकों की बैठक लेकर दिए निर्देश

खाद्य अधिकारी ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के राशन दुकान संचालकों की अलग-अलग समय पर बैठक ली।



पहले रायपुर शहर के दुकान संचालकों की बैठक ली। इसके बाद ग्रामीण क्षेत्रों के संचालकों के साथ बैठक की। बैठक में सभी संचालकों को उनके दुकान में पंजीकृत कार्ड धारकों में नवीनीकरण एवं केवाईसी के छूटे हुए धारकों व सदस्यों के नाम की सूची लाने के लिए कहा गया था।

## निशुल्क चिकित्सा शिविर में 86 बच्चों ने कराया चेकअप

**रायपुर।** आकांक्षा लायंस इंस्टिट्यूट ऑफ़ लर्निंग एंड एंपावरमेंट द्वारा आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर एक बड़ी सफलता रहा। इस शिविर में बड़ी संख्या में 86 बच्चों ने भाग लिया। शिविर में बच्चों को विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं के लिए जांच और उपचार प्रदान किया गया। सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी ने आकांक्षा संस्थान के प्रयासों की सराहना की और कहा कि इस तरह के शिविरों से विशेष बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। आकांक्षा संस्थान के निदेशक साधना नायक ने कहा, हम इस शिविर की सफलता से बहुत खुश हैं। इस शिविर में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अविनाश अग्रवाल, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप वर्मा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. निशांत पटेल, कान-नाक-गला विशेषज्ञ डॉ. नीति वर्मा, त्वचा विशेषज्ञ डॉ. आदिति सिंह, दांतों के डॉक्टर डॉ. मोहित मानिक और रक्त जांच विशेषज्ञों ने अपनी सेवा दी।

**बिजनेस साइट**

## होंडा बिगविंग रायपुर ने एक्सएल 750 ट्रान्स्कल्प का किया सफल लॉन्च

**रायपुर।** होंडा बिगविंग रायपुर ने अपने नए मॉडल एक्सएल 750 ट्रान्स्कल्प का शानदार लांच किया। इस विशेष कार्यक्रम में फाडा के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया, राडा के अध्यक्ष विवेक गर्ग, उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी, चंदन जैन, जीके ग्रुप के निदेशक अमर परवानी और पुनीत परवानी समेत कई गणमान्य व्यक्ति और ग्राहक उपस्थित थे।
होंडा **XL** 750 ट्रान्स्कल्प एक 755 सीसी की एडवेंचर टूरिंग बाइक है, जो ऑन-रोड और ऑफ-रोड दोनों परिस्थितियों के लिए उपयुक्त है। यह बाइक 91 एचपी पावर और 75 एनएम टॉर्क उत्पन्न करती है, जिसमें 6-स्पीड गियरबॉक्स, ड्यूल डिस्क ब्रेक और 21-इंच फ्रंट व्हील



के साथ एबीएस की सुविधा शामिल है। लॉन्च के दौरान मौजूदा ग्राहकों ने होंडा बिगविंग रायपुर की सेवाओं की प्रशंसा की और होंडा मोटरसाइकिलों की उत्कृष्ट गुणवत्ता और विश्वसनीयता की सराहना की। ग्राहकों ने इसे सुरक्षित और स्टाइलिश बताते हुए कहा कि होंडा बिगविंग रायपुर बाजार में अपने प्रतिस्पर्धियों के बीच शीर्ष स्थान पर है।

# समय के साथ विभाग ने बदली डाक सेवाएं कोर बैंकिंग-स्पीड पोस्ट लोगों की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

समय के साथ डाक विभाग ने लोगों की जरूरत के लिहाज से सेवाओं का विस्तार किया है। कोर बैंकिंग, स्पीड पोस्ट सहित कई तरह की नई सेवाएं विभाग लोगों को दे रहा है। इतना ही नहीं हर साल राष्ट्रीय डाक सप्ताह विभाग मनाता है। इसकी शुरुआत 1874 में यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन की स्थापना और वर्षगांठ पर विश्व डाक दिवस 09 अक्टूबर को मनाने की परंपरा निभा रहा है। इसका उद्देश्य लोगों की जरूरत को पूरा करने के साथ सामाजिक और आर्थिक विकास में लोगों को सहयोग करना है। इसके लिए विभाग हर संभव प्रयास भी कर रहा है।

■ विश्व डाक दिवस पर निदेशक डाक सेवाएं ने दी जानकारी

छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल के निदेशक डाक सेवाएं दिनेश कुमार मिस्त्री, सहायक डायरेक्टर जेएस पारथी और प्रवर अधीक्षक हरीश कुमार महावर ने यह




जानकारी बुधवार को पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने मुख्य डाकघर के सर्किल आफिस में आयोजित वार्ता में बताया कि विभाग सभी संभागीय कार्यालयों में 07 से 11 अक्टूबर तक राष्ट्रीय डाक सप्ताह मना रहा है। इसमें प्रतिदिन विषयवार आयोजन किए जा रहे है। इसमें ग्राहको को डाक विभाग द्वारा संचालित सभी सेवाओं के साथ ही नई सेवाओं की जानकारी भी दी जा रही है। बुधवार को विश्व डाक दिवस पर सभी कार्यालयों में बैनर, पोस्टर का प्रदर्शन किया जा रहा है। 'देशभर में लोगों को सशक्त बनाने तथा संचार को सक्षम बनाने के 150 वर्ष' की थीम के आधार पर पैदल यात्रा के माध्यम से 'फिट पोस्ट, फिट इंडिया' का संदेश दिया जा रहा है।







# 4 यूनिट सोलर ऊर्जा के उत्पादन से प्रतिमाह 3 सौ यूनिट बिल की होगी बचत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के नवनियुक्त अध्यक्ष डा. रोहित यादव ने बुधवार को विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में कार्यपालन अभियंता मनोज वर्मा सहित कार्यपालन एवं सहायक अभियंता मौजूद रहे। बैठक में अध्यक्ष ने केंद्र और राज्य की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना एवं वर्तमान सोलर कनेक्शन प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि 4 यूनिट सोलर ऊर्जा के उत्पादन से 3 सौ यूनिट बिल की बचत होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि इस योजना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार करें, ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके।

■ छग राज्य विद्युत कंपनी के अध्यक्ष रोहित यादव ने की पीएम सूर्यघर योजना की समीक्षा

रोहित यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत उपभोक्ता को लगभग 3 किलोवॉट पर 78 हजार रुपए की सब्सिडी का प्रावधान है। इस तरह प्रति किलोवॉट लगभग 4 यूनिट उत्पादन से प्रतिमाह 3 सौ यूनिट बिल की भी बचत होगी। बैठक में मौजूद अधीक्षण अभियंता मनोज वर्मा ने प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना की जानकारी दी। उन्होंने रायपुर शहर में वर्तमान में सोलर कनेक्शन की प्रगति की समीक्षा की तथा राज्य में सबसे अधिक कनेक्शन दिए जाने की जानकारी दी। बैठक के अंत में रोहित यादव एवं मनोज वर्मा ने अधिकारियों को मुख्यमंत्री की जीरो पॉवर कट का भी संकल्प दिलाया।



हरिभूमि
रायपुर, गुरुवार 10 अक्टूबर 2024
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

लाइव इवेंट

## भारतीय डाक विभाग बताएगा कैसे रह सकते हैं फिट



रायपुर। भारतीय डाक विभाग द्वारा 7 से 11 अक्टूबर तक राष्ट्रीय डाक सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान विभाग द्वारा अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगता के राज्यस्तरीय विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इसमें महिमा सिन्हा को पच्चीस हजार रूपए, संस्कृति को दस हजार रूपए एवं तनिष्का यादव को पांच हजार रूपए के नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। रायपुर डाक सेवा मुख्यालय के निदेशक दिनेश मित्री, निदेशक डाक सेवाएं, मुख्यालय, रायपुर के हाथों पुरस्कृत किया गया।

### आधार एनरोलमेंट के लिए लगाए जाएंगे

विश्व डाक दिवस के उपलक्ष्य में सभी प्रमुख कार्यालयों में बैनर पोस्टर इत्यादि का प्रदर्शन भी किया जा रहा है। 'देशभर में लोगों को सशक्त बनाने तथा संचार को सक्षम बनाने के 150 वर्ष' की थीम के आधार पर पैदल यात्रा कार्यक्रम के माध्यम से 'फिट पोस्ट, फिट इंडिया' का संदेश पहुंचाया जा रहा है। इसके साथ ही 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के लिए वृक्षारोपण समारोह का आयोजन किया गया।आज अन्त्योदय दिवस के अवसर पर समाज के गरीब तथा पिछड़े वर्ग को आगे बढ़ाने के लिए क्या किया जा सकता है, इस पर चर्चा की जाएगी। इसके लिए राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के साथ मिलकर विशेष सत्र का आयोजन किया जाएगा। आधार एनरोलमेंट एवं अपडेशन के लिए ग्रामीण, शहरी एवं दूर दराज के क्षेत्रों में कैंप का आयोजन किया जाएगा।

सिटी इवेंट

## अग्निवीर महिला सैन्य पुलिस भर्ती रैली 13 नवंबर को, 241 का चयन



रायपुर। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के लिए अग्निवीर महिला सैन्य पुलिस भर्ती रैली का आयोजन अगले माह किया जाएगा। भर्ती कार्यालय जबलपुर के तत्वाधान में 13 को रानी दुर्गावती विवि शारीरिक शिक्षा विभाग के मैदान में सुबह 4 बजे से महिला उम्मीदवारों के लिए भर्ती रैली का किया जा रहा है। उम्मीदवारों को जबलपुर के एयरपोर्ट रोड स्थित प्रवेश द्वार पर सुबह 2 बजे तक रिपोर्ट करना होगा । रैली में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य की कॉमन एंट्रेस एग्जाम (सीईई) में सफल 241 युवा लड़कियां भर्ती चक्र में सैन्य पुलिस में शामिल होने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

### जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर

सभी 241 अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत ईमेल आईडी पर एडमिट कार्ड भेज दिए गए हैं। उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड और रैली नॉटिफिकेशन के अनुसार सभी दस्तावेज और आधार कार्ड से जुड़ा मोबाइल नंबर लाना अनिवार्य है। रैली संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए भर्ती कार्यालय (मुख्यालय) जबलपुर से टेलीफोन नंबर 7247028996 पर संपर्क कर किया जा सकता है। भारतीय सेना में चयन पारदर्शी और केवल योग्यता के आधार पर होता है, इसलिए अभ्यर्थियों को सूचना दी गई है कि वे अनाधिकृत व्यक्तियों से सावधान रहें। मुख्यालय भर्ती क्षेत्र द्वारा सभी शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को चयन प्रक्रिया के लिए शुभकामनाएं भेजी गई हैं।

जॉब अलर्ट

## पीडब्ल्यूडी में 102 अभियंताओं की होगी भर्ती, इनमें 86 सिविल के



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग में सब इंजीनियरों के 102 पदों पर भर्ती को वित्त विभाग ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसमें 86 सिविल और 16 विद्युत-यांत्रिकी के उप अभियंता के पद शामिल हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में इससे पहले 128 अभियंताओं के पद निकाले गए थे। विभिन्न विभागों में वित्त विभाग के द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती की त्वरित रूप से स्वीकृति दी जा रही है। इसके पूर्व शासकीय सेवा के 6 हजार से अधिक पदों में नियुक्तियों की प्रक्रिया आरंभ हो गई है। हांलाकि अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ है कि यह परीक्षा व्यापम आयोजित करेगा अथवा पीएससी। इसके लिए पृथक अधिसूचना जारी की जाएगी।

### 8 से अधिक विभागों के लिए मिल चुकी हैं स्वीकृति

अब तक 8 से अधिक विभागों में विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए वित्त विभाग ने मंजूरी दी है। वित्त विभाग से स्वीकृति मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कृषि विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, गृह विभाग, विधि विभाग, आदिम जाति कल्याण, वन एवं पर्यावरण विभाग में भर्ती प्रक्रिया चल रही है। निर्माण एजेंसियों में तेजी से चल रही भर्ती प्रक्रिया से प्रदेश में बड़े पैमाने पर चल रही अधोसंरचना परियोजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में मदद मिलेगी।





हरिभूमि-आईएनएच द्वारा ग्रैंड इम्पीरिया और ललित महल में आयोजित रास गरबा में बुधवार को पहले दिन लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। पारंपरिक वेशभूषा में रास गरबा करने लोग आतुर नजर आए। गरबा में कपल्स ने एंट्री पाने के लिए इंतजार किया। बतौर प्रतिभागी रास गरबा खेलने के लिए जब वे उतरे तो ताल से ताल मिलाते चौकड़ी-छकड़ी की।दोनों ही स्थानों में पारंपरिक तरीके से पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई।



ग्रैंड इम्पीरिया

### हरिभूमि-आईएनएच रास गरबा में पहले दिन प्रवेश पाने लगी कतार

# ढोली तारो ढोल बाजे...

रायपुर। गुढ़ियारी स्थित अवधपुरी मैदान में भी रास गरबा का आयोजन हरिभूमि द्वारा पहले दिन से ही कराया जा रहा है। यहां आयोजन के सातवें दिन भी भक्तों की भीड़ दिखाई दी। यहां प्रवेश निशुल्क है और परंपरागत माहौल में परिवार संग ही प्रवेश दिया जा रहा है। हरिभूमि के तीनों ही गरबा आयोजनों की शहर में धूम रही।

### हर राउंड के बाद ब्रेक

जैसे-जैसे रास गरबा आगे बढ़ रहा था, लोगों का उत्साह भी बढ़ता जा रहा था। हर राउंड के बीच थोड़ी देर का ब्रेक भी दिया गया। मंचस्थ अतिथियों ने हरिभूमि-आईएनएच न्यूज मीडिया पार्टनर के बैनर तले लोगों की हौसला-अफजाई की। यहां प्रतिस्पर्धा भी रखी गई है। इसके अंतर्गत रोजाना सोन-चांदी के आभूषण भी बतौर प्राइज लोगों को मिलने वाले हैं।













### प्रतिभागियों को बताए गए नियम

गरबा का ऐसा जुनून लोगों में दिखाई दिया दिव्यांग प्रतिभागी भी बैसाखी के साथ ताल से ताल मिलाते हुए नजर आया। ग्रैंड इम्पीरिया में प्रायोजक एसएन मोटर्स ने लोगों को खुशनुमा माहौल देने इस सीजन में भी कमान संभाली। आयोजक अनिल जोतसिंघानी ने गरबा खेलने आए सभी प्रतिभागियों को नियम बताने के साथ सभी को पारंपरिक पहनावे में ही प्रवेश दिया। कार्यक्रम संयोजक आकाश तिवारी, अशोक मुकिम, योगेश सैनी, सीएस ठाकुर भी मंचस्थ रहे।

### हरिभूमि के रास गरबा में भरी चौकड़ी

गुंजन्स प्रजेन्ट्स रास गरबा का शुभारंभ रात 8 बजे छेरीखेड़ी स्थित ललित महल विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस दौरान आयोजक गुंजन चौहान ने सभी प्रतिभागियों को गरबा में ट्रेडिशनल ड्रेस में शामिल होने के लिए आग्रह किया। प्रिंट मीडिया पार्टनर हरिभूमि के साथ आयोजक ने पहले दिन मुख्य सहयोगी एटी ज्वेलर्स के नितेश बरड़िया, रहेजा ग्रुप के संजय रहेजा ने भी मंच से लोगों का उत्साह बढ़ाया। वहीं रंगीन लाइट व म्यूजिक सिस्टम के साथ पारंपरिक गीतों पर रास गरबा में चौकड़ी-छकड़ी भरने का दौर जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा था, वैसे-वैसे लोगों का ग्रुप भी कदम ताल मिलाते हुए माता को रिझाने का जतन करते नजर आया।





ललित महल

कार्नर न्यूज

### सत्ती बाजार में श्री शाकद्वीपीय ब्राम्हण समाज ने 1921 में करवाया था मंदिर निर्माण

## सिद्धि के लिए उत्तम उत्तर मुखी गर्भगृह, सप्तमी को महाआरती की परंपरा

रायपुर। सत्ती बाजार स्थित श्री अम्बा देवी मंदिर वास्तु के लिहाज से भक्तों को सिद्धि दिलाने वाला माना जाता है। इस मंदिर में माता का श्रीमुख ही नहीं बल्कि गर्भगृह और प्रवेश द्वार भी उत्तरमुखी है, जो मनोकामना पूर्ण करने का कारक है। मंदिर का निर्माण 1921 में श्री शाकद्वीपीय ब्राम्हण समाज ने करवाया था। यह 103 साल से श्रद्धालुओं के आस्था का केन्द्र बना हुआ है। श्री अम्बा देवी के इस मंदिर का उत्तर मुखी प्रवेश द्वार और गर्भगृह इसे अन्य देवी मंदिरों में खास महत्व दिलाता है। मान्यता है कि इस मंदिर में जो भी भक्त मनोकामना लेकर आते हैं, उसमें उन्हें सिद्धि मिलती है। मंदिर की ख्याति फैलने से छत्तीसगढ़ ही नहीं ओडिशा, राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार से भी लोग मनौती लेकर आते हैं। इस मंदिर में माता की पूजा पारंपरिक तरीके से मुख्य पुजारी द्वारा रोज की जाती है।



मंदिर और वास्तु

### पूरी होती है भक्तों की मनोकामना

लोग मन्नत के साथ नारियल बांधने के बाद मनोरथ सिद्ध होने पर शारदीय और चैत्र नवरात्रि की सप्तमी तिथि पर होने वाली महाआरती में शामिल होते हैं। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा और मुख्य पुजारी पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि उत्तर मुखी अम्बा मंदिर का प्रवेश द्वार ही नहीं बल्कि गर्भगृह भी वास्तु के लिहाज से उत्तम फलकारी और अनूठा है। इस मंदिर में आने के बाद जिन लोगों की मनोकामना पूरी होती है, वे किसी को नहीं बताते हैं। जब लोग नारियल निकालने और महाआरती में शामिल होने के लिए दूर-दराज से आते हैं, तब अनुमान लगाते हैं कि उनके मनोरथ को सिद्धि मिली है।

### नहीं प्रज्ज्वलित होती मन्नत की ज्योति



शारदीय और चैत्र नवरात्र में जहां सभी देवी मंदिरों में भक्तों द्वारा मनोकामना ज्योत जलवाई जाती है। वहीं श्री अम्बा देवी मंदिर इसलिए भी दुर्लभ है, कि यहां मन्नत के लिए किसी भी नवरात्र में मनोकामना ज्योत प्रज्जवति कराने का कोई प्रावधान नहीं किया गया है। इस मंदिर में सप्तमी तिथि पर शाम को गोधुली बेला में माता के दरबार में हजारों की तादाद में महिलाएं आरती की थाली सजाकर पहुंचती हैं। यहां होने वाली महाआरती का इंतजार भक्तों को हर साल की नवरात्रि में रहता है। यहां भक्तों के सहयोग से ट्रस्ट द्वारा आरती की थाली हर नवरात्र की सप्तमी को सजाई जाती है।

## दुर्गोत्सव 2024



नवदुर्गोत्सव समिति, बड़ा भवानी नगर, कोटा


नवदुर्गोत्सव समिति, साहू पारा बजरंग चौक, मंदिर हसौद


श्री नवयुवक शिव दुर्गोत्सव समिति बजरंग चौक, लाभांडी


बजरंग नवयुवक दुर्गोत्सव समिति, संजय नगर


श्री सिद्धिविनायक शिव साईं हनुमान मंदिर समिति गायत्री नगर


मिलन तीर्थ दुर्गा पूजा समिति, शैलेन्द्र नगर


श्री सांई नवयुवक दुर्गोत्सव समिति, खपरा भट्ठी, आमापारा



नवयुवक दुर्गोत्सव समिति, हनुमान मंदिर चौक आशीर्वाद भवन


श्री श्री मां मंगला काली दुर्गोत्सव समिति बैरन बाजार


श्री जय ठाकुर देव दुर्गोत्सव समिति, सारथी पारा


श्रीराम दुर्गोत्सव समिति, संतोषी नगर चौक


श्री बजरंग चौक दुर्गोत्सव समिति, संतोषी नगर


स्वास्तिक नवदुर्गोत्सव समिति, पचपेड़ी नाका


जय मां अम्बे दुर्गोत्सव समिति, टैगोर नगर







महाभारत कथा से प्रेरित 'कोमल गांधार' नाटक का रंग मंदिर में मंचन

# कोमल गांधार...अन्याय के बाद गांधारी की प्रतिज्ञा, पौराणिक कथा का अद्भुत चित्रण

गांधारी संग छलपूर्वक किए गए विवाह और छल के पश्चात प्रभाव का जब चित्रण मंच पर किया गया तो दर्शकों की आंखों में आंसू आ गए। मौका था 'कोमल गांधार' नाटक के मंचन का। अग्रगामी नाट्य समिति द्वारा बुधवार को यह नाट्य मंचन रंग मंदिर में किया गया। सभागार में दर्शकों की भीड़ भारी संख्या में देखने को मिली।

**रायपुर।** महाभारत पर आधारिक नाटक में युद्ध से भिन्न पक्ष को दिखाने का प्रयास किया गया। जिसमें मुख्य किरदार गांधारी रही, जिसके साथ छल कर उनका विवाह कराया गया था। देर रात 8 बजे से प्रारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में संस्कृति विशेषज्ञ अशोक तिवारी, साहित्यकार गिरीश पंकज, गिरिजा शंकर अग्रवाल व अन्य उपस्थित रहे। समिति अध्यक्ष प्रेमचंद लुनावत ने बताया, आधुनिकता के दौर में नाटक कही ना कही विलुप्त होते जा रहा है। इसे जीवित रखने के उद्देश्य से समिति द्वारा नाटक का आयोजन कराया गया। इसे नाटकों के रंगकर्मी व निर्देशक जलील रिजवी के जन्मदिन के अवसर पर मनाया जा रहा है,जो अपने आप में खास है।







### सवालों में उलझने से शुरुआत

नाटक मचंन का प्रारंभ से अंत तक गांधारी के प्रति किए गए षडयन्त्र को दर्शाया गया। जिसमें लेखक ने पौराणिक कथा में गांधारी के साथ हुए अन्याय को आधुनिकता के साथ जोड़ते हुए दर्शकों के बीच लाने का प्रयास किया। नाटक को धृतराष्ट्र की संवेदना के साथ भी जोड़ा गया, जिसमें भीष्म जैसे राजनेता के कर्तव्यों की आड़ में षडयन्त्र को नियति मानने पर क्रोधित होता दिखाया गया। संजय के धर्म, कर्तव्य को बताया गया, जिसमें क्या करुं? क्या ना करुं? के सवालों में उलझने से शुरुआत की गई।

### गांधारी व शकुनि के चारों ओर घुमती रही कहानी

नाटक के दौरान मुख्य किरदार गांधारी व शकुनि रहे, जिसका किरदार अनुराधा दुबे व स्पर्श शर्मा द्वारा निभाया गया। नाटक में 6 मुख्य किरदारों द्वारा अभिनय प्रस्तुत किया गया, जिसमें भीष्म का किरदार प्रकाश खांडेकर, संजय का किरदार शेखर शुक्ला, धृतराष्ट्र का किरदार नीरज वर्मा और दासी का किरदार वीणा पंडवार ने निभाया।

### परिवार संग पहुंचे बुजुर्ग

नाटक मंचन के दौरान गांधारी के विवाह के दृश्य को बताया गया। नाटक के दौरान कलाकारों की शानदार प्रस्तुति देखने दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी। नाटक के दौरान सबसे अधिक बुजुर्ग दर्शकों की संख्या रही, जो अपने परिवार व बच्चों संग शामिल हुए। नाटक में गांधारी का विवाह, राजनीति, छल, प्रतिज्ञा, छल के बाद की मनोभाव व छल का प्रतिशोध करने के दृश्यों के दौरान दर्शक अपने स्थान पर डटे रहे।

### प्रेम को छिपाया जा सकता है, लेकिन नहीं कर सकते नष्ट

महाभारत काल-कुटिल राजनीति और सत्ता प्राप्ति के कुचक्र का काल है। जिसमें स्त्री को केवल युद्ध में जीता सामान या छल-कपट द्वारा विवाह में प्राप्त महज राजरक्त से जन्मा एक शरीर माना गया है। जहां स्त्री की अस्मिता, निजता एवं मान-सम्मान का कोई मोल और महत्व नहीं था। इसमें सत्यवती, अम्बा, अम्बिका, अंबालिका, कुंती, माद्री, द्रौपदी व गांधारी को राजनीति में भेट चढ़ना पड़ा। गांधारी ने अपने साथ हुए षड़यंत्र का उत्तर अपनी आंखों में पट्टी बांधकर और सार्वजनिक प्रतिज्ञा लेकर दिया। जिसमें उन्होंने कहा, जब मेरा पति संसार को नहीं देख सकता तो मैं क्यों देखू? किसी भी स्त्री के मन की कोमलता व प्रेम भाव को छिपाया जा सकता है, लेकिन समाप्त नहीं किया जा सकता। इस नाटक में गांधारी के इस स्वरुप को दिखाने का प्रयास किया गया। बहन के साथ हुई राजनीति के बाद भाई शकुनि के प्रयास को बताया गया। मुख्य रुप से यह नाटक गांधारी व शकुनि की भावनाओं पर तैयार किया गया, जिसमें छल के पश्चात महिला के भाव को दर्शाया गया।

# विदेशी वकीलों की मदद से विधि विवि अपने छात्रों को देगा कानून ज्ञान, बताएगा रोजगार की संभावना




**रायपुर।** विधि विवि में कॅरियर डेवलपमेंट कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। यह देश के सभी विद्यार्थियों के लिए निशुल्क था। छात्र ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यमों के जरिए इससे जुड़े। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में बॉम्बे उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता वी.श्रीधरन उपस्थित रहे। कुलपति डॉ.वीसी विवेकानंदन ने अपने उद्घाटन संबोधन में पारंपरिक पारिवारिक कानूनी प्रथाओं से लेकर वैश्विक फर्मों तक कानूनी कॅरियर के रूपांतरण को समझाया। उन्होंने कहा कि कानून का चयन आर्थिक लाभ के बजाय एक प्रेरणादायक विकल्प है। उन्होंने विविध कानूनी प्रथाओं, कानून और प्रौद्योगिकी के अंतर्संबंध, कानूनी सेवाओं के वैश्वीकरण, बदलती ग्राहक अपेक्षाएं और कानूनी नैतिकता व सामाजिक जिम्मेदारी के पांच प्रमुख प्रभाव कारकों को सूचीबद्ध किया।

### उच्च गुणवत्ता की टिप्पणियों में है कमी

*वी.श्रीधरन ने रोचक किस्से साझा करते हुए लॉ स्टूडेंट्स को कानून संबंधित कई जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि लॉ की बारीकियां क्लासिकल लीगल टेक्स्ट्स के माध्यम से सबसे अच्छी तरह समझी जा सकती हैं। आधुनिक शोध उपकरण सुविधाजनक हो सकते हैं, लेकिन पारंपरिक स्रोत मौलिक अवधारणाओं पर अधिक स्पष्टता प्रदान करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि न्याय क्षेत्र में भारतीय लेखकों द्वारा उच्च गुणवत्ता की टिप्पणियों की कमी के कारण कानून का विकास धीमा है। रजिस्ट्रार डॉ. विपन कुमार ने बताया, कॉन्क्लेव 2.0 के लिए लॉ छात्रों के लिए पंजीकरण द्वार खुला है। अगले छह महीनों तक सप्ताहांत में ऑफलाइन-ऑनलाइन मोड में इसे आयोजित किया जाएगा। इसमें भारत व विदेश के प्रमुख लॉ फर्मों के विशेषज्ञों द्वारा सत्र लिए जाएंगे। संभावित रिक्रूटर्स के साथ संवाद भी इसके माध्यम से स्थापित किया जाएगा। इस आयोजन का लाइव प्रसारण विधि विवि के यूट्यूब चैनल पर किया गया।*

# छात्रावास अधीक्षक के मॉडल आंसर जारी, दावा-आपत्ति 16 तक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 15 सितंबर को आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास के अंतर्गत छात्रावास अधीक्षक श्रेणी 'द' भर्ती परीक्षा पूर्वान्ह में आयोजित की गई थी। उपरोक्त परीक्षा के मॉडल सत्तर व्यापम की वेबसाइट vyapam.cgstate.gov.in पर बुधवार को अपलोड कर दी गई है। अभ्यर्थी वेबसाइट पर मॉडल उत्तर देख सकते हैं। अभ्यर्थी


वेबसाइट में प्रदर्शित उत्तर पर 16 अक्टूबर अपरान्ह 3 बजे तक अपने व्यापम प्रोफाइल में लॉगिन कर दावा-आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। डाक एवं स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत की गई दावा-आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी। उक्त परीक्षा के मॉडल उत्तर पर अभ्यर्थी को दावा-आपत्ति दर्ज करने के लिए प्रति प्रश्न 50 रुपए दावा-आपत्ति शुल्क का भुगतान करना होगा। बिना शुल्क भुगतान किए दावा-आपत्ति दर्ज करने की प्रक्रिया पूर्ण नहीं होगी। दर्ज किए हुए दावा विषय विशेषज्ञों द्वारा मान्य होने पर लिया गया शुल्क संबंधित बैंक खाते में वापस कर दिया जाएगा। इससे संबंधित जानकारी व्यापम द्वारा अपने वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

### साज-सज्जा के लिए वुडन के झूमर तैयार, ऐतिहासिक थीम पर सजावट

# डिजाइनर तुरकिस, मोजेक व पिक्सल लैंप से होगी सजावट मेड इन चाइना मार्केट से बाहर, भारतीय उत्पाद प्राथमिकता

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में दीपावली पर्व जैसी रोनक गणेश चतुर्थी से ही प्रारंभ हो जाती है। जहां घरों व पंडालों में लाइटिंग की जाती है। गणेश चतुर्थी के बाद नवरात्रि के दौरान घरों को लाइटिंग कर आकर्षक रुप से सजाया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी क्षेत्रों में त्यौहारों की धूम अभी से देखी जा सकती है, जिसमें खरीदार घरों की साज-सज्जा के लिए खरीदारी कर रहे हैं। थोक व्यापारियों के अनुसार, प्रत्येक वर्ष गणेश चतुर्थी से ही दुकानों में साज-सज्जा की वस्तुओं की खरीदी शुरु हो जाती है। जहां कुछ सालों पहले चाइना लाइट्स की डिमांड जोरो पर थी, वहीं अब मेड इन इंडिया वस्तुओं की खरीदी की जा रही है। लोग चाइना की वस्तुएं खरीदने से बच रहे हैं। इसके बदले भारतीय वस्तुओं को खरीदना पसंद कर रहे हैं। प्रत्येक वर्ष विभिन्न प्रकार की साज-सज्जा की नई वस्तुएं शामिल की जाती हैं। इस वर्ष लाइटिंग व सज्जा के लिए लकड़ी व प्लास्टिक की वस्तुओं की भी प्रयोग किया गया है।



### 150 से अधिक प्रकार के झूमर

बैजनाथपारा स्थित एक दुकान के संचालक फिरोज चिश्ती ने कहा, दुकान के कारिगरों द्वारा राजधानी में ही साज-सज्जा की वस्तुएं तैयार की जाती है। जिसकी खरीदी फुटकर व्यापारियों द्वारा की जाती है। इस दीपावली तुरकिस, मोजेक व पिक्सल लैंप आकर्षण का केंद्र है। इसे त्योहार के अलावा सामान्य दिनों में भी घरों की साज-सज्जा के लिए उपयोग किया जा सकता है। इसे झालर व लैंप की तरह तैयार किया गया है, जिसमें चमकदार लाइट व पत्थरों का प्रयोग होता है। इसके साथ ही दुकान में 150 से अधिक प्रकार के झूमर हैं। स्टार, स्वास्तिक, पानी दीया, रॉकेट, झूमर व लुंबा की खरीदी सबसे अधिक संख्या में की जाती है। सजावटी वस्तुओं की कीमत 100 रुपए से शुरु है। इस वर्ष डिजाइनर कपूर दानी कस्टमाइज रुप से तैयार किया जा रहा, जिसे लोग उपहार के लिए खरीद रहे हैं। इसकी कीमत 400 रुपए तक है।

### पेड़-पौधों की भी सज्जा

गोल बाजार स्थित एक दुकान संचालक लखन चौरसिया ने बताया, त्यौहार के लिए दुकान में एलईडी स्ट्रिंग लाइट मौजूद है। जिसे आर्टिफिशियल पत्तियों के डिजाइन में तैयार किया गया है। जिसे त्यौहार के अलावा भी घरों पर सजाने के लिए उपयोग में लाया जा सकता है। इस डिजाइन में 10 से अधिक प्रकार के लाइट्स मौजूद है, जिसकी कीमत 250 रुपए से शुरु होकर 1000 रुपए तक है। इसे घर में मौजूद किसी भी पेड़ या पौधों को सजाने के लिए भी उपयोग कर सकते हैं। इस तरह की लाइट आंखों में नहीं चुभती। जिसके कारण इसकी खरीदी गणेश चतुर्थी से ही लगातार जारी है।

### झूमर में गोल्डन व स्टोन वर्क

गोल बाजार स्थित एक दुकान संचालक राकेश नागवानी ने बताया, दुकान में विभिन्न प्रकार के लाइट्स मौजूद हैं। जिसमें चाइना व भारतीय लाइट्स शामिल हैं। खरीदारों के डिमांड अनुसार लाइट्स लाई जाती हैं। इस वर्ष वूडन व प्लास्टिक की सजावटी झूमर लाया गया है, जो मेड इन इंडिया है। जिसमें वूडन के ऊपर ही सजावट किया गया है, इसकी कीमत 150 रुपए से शुरु है। प्लास्टिक के झूमर में गोल्डन व स्टोन वर्क किया गया है, यह लाइट वेट होता है। जिसे भगवान कमरा व हॉल के लिए सबसे अधिक खरीदा जा रहा है। इसके साथ ही एलईडी रोप लाइट, वॉटर प्रूफ लाइट व कॉटन लाइट लोगों की पहली पसंद बनी हुई है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'बेटर मैन' का ट्रेलर जारी, फिल्म में सीजीआई बंदर के रूप में दिखे रॉबी



रॉबी विलियम्स के प्रशंसकों को इतिहास की सबसे अजीबोगरीब बायोपिक में से एक की पहली झलक देखने को मिली है। बेटर मैन फिल्म का ट्रेलर जारी हो गया है। स्टोक पॉप गायक की प्रसिद्धि की कहानी को फिर से दिखाया गया है, जिसमें उनका किरदार एक सीजीआई बंदर द्वारा निभाया गया है। ब्रिटेन में बॉक्सिंग डे पर रिलीज होने वाली फिल्म बेटर मैन का निर्देशन माइकल ग्रेसी ने किया है, जिन्होंने द ग्रेटेस्ट शोमैन का निर्देशन किया था और इसे 435 मिलियन डॉलर की कमाई वाली पॉप चार्ट में शीर्ष पर पहुंचने वाली हिट फिल्म बनाया था। यह फिल्म विलियम्स पर आधारित है, जो एक झगड़ालू बचपन से लेकर टेक दैट के साथ बॉय-बैंड की सफलता और फिर एकल सुपरस्टार बनने तक की यात्रा करता है। उनके 12 स्टूडियो एल्बमों में से 11 यूके चार्ट में शीर्ष पर रहे और उन्होंने 13 के साथ सबसे अधिक ब्रिट पुरस्कारों का रिकॉर्ड बनाया। इस दौरान फिल्म में कथित तौर पर उनके पशु पक्ष को दर्शाने से परहेज नहीं किया गया है, जिसमें नशीली दवाओं की समस्या शामिल है। बेटर मैन का टीजर ट्रेलर मंगलवार को आया, जिसमें फिल्म को विलियम्स के जीवन और करियर के पीछे की सच्ची कहानी के रूप में पेश किया गया है। ट्रेलर में वॉयस ओवर के जरिए कहा गया, 'मैं रॉबी विलियम्स हूं। मैं दुनिया के सबसे बड़े पॉप सितारों में से एक हूं, लेकिन मैंने हमेशा खुद को थोड़ा कम विकसित देखा है। बंदर को मुख्यत अभिनेता जोनो डेविस ने आवाज दी है और मोशन कैप्चर भी किया है, जबकि विलियम्स ने गायन में योगदान दिया है। पैरामाउंट पिक्चर्स ने एक सारांश में कहा, 'बेटर मैन' ब्रिटिश पॉप सुपरस्टार रॉबी विलियम्स के जबरदस्त उत्थान, पतन और पुनरुत्थान की सच्ची कहानी पर आधारित है। रॉबी विलियम्स अब तक के सबसे महान मनोरंजनकर्ताओं में से एक हैं।

### टॉलीवुड

## विजय सेतुपति की मूक फिल्म 'गांधी टॉक्स' का बीटीएस वीडियो जारी



विजय सेतुपति अपनी अगली मूक फिल्म 'गांधी टॉक्स' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इसे 54वें भारत अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित किया गया था। फिल्म में अदिति राव हैदरी, अरविंद स्वामी और सिद्धार्थ जाधव जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में हैं। गांधी जयंती के मौके पर मेकर्स ने फिल्म को लेकर एक खास अपडेट जारी किया है। जिसमें निर्माताओं ने एक विशेष बीटीएस वीडियो जारी किया। इसमें फिल्म के निर्माण, अभिनेताओं द्वारा फिल्म के अलग-अलग भाग की शूटिंग और पोस्ट-प्रोडक्शन के अन्य पहलुओं को दिखाया गया है। अंत में, हम एआर रहमान को गाने के लिए संगीत बनाते हुए देखते हैं। एक मूक डार्क कॉमेडी फिल्म के रूप में प्रस्तुत 'गांधी टॉक्स' तमिल, तेलुगु, मराठी, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी भाषा में रिलीज की जाएगी। 'गांधी टॉक्स' की रिलीज डेट की घोषणा अभी तक निर्माताओं द्वारा नहीं की गई है। हालांकि, टीजर के अनुसार ऐसा लग रहा है कि टीम जल्द ही तारीख की घोषणा करेगी। 'गांधी टॉक्स' का निर्देशन किशोर पी बेलेकर द्वारा किया गया है और यह जी स्टूडियोज, क्यूरीयस और मूवीमिल द्वारा संयुक्त रूप से समर्थित है। एआर रहमान ने फिल्म के लिए संगीत दिया है जिसके संपादक आशीष म्हात्रे हैं। करण बी रावत ने कैमरा क्रैंक किया है। मणिरत्नम की 'चेक्का चिवंता वनम' के बाद यह दूसरी बार है जब अरविंद स्वामी, अदिति राव हैदरी और विजय सेतुपति एक साथ आए हैं। 'गांधी टॉक्स' की शूटिंग पूरी हो चुकी है। इस बीच, विजय को आखिरी बार निथिलन समीनाथन द्वारा निर्देशित 'महाराजा' में देखा गया था।

### भोजपुरी

## रितेश का 'मईया के पचरा' हुआ रिलीज, देवी गीत सुन भक्ति में डूबे



भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार रितेश पांडेय ने शारदीय नवरात्र के मौके पर अपने पारंपरिक देवी गीत 'मईया के पचरा' को रिलीज कर दिया है। ये देवी गीत रिलीज होते ही दर्शकों के बीच छा गया है। ये सॉन्ग मार्श मेलोडी भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुआ है और भक्तिमय माहौल में इसे काफी पसंद किया जा रहा है। इस देवी गीत को लेकर रितेश पांडेय ने कहा, ₹मईया के पचरा₹ मेरे दिल के बहुत करीब है। शारदीय नवरात्र का समय भक्तिमय ऊर्जा से भरा होता है, और इस गीत के जरिए मैंने मां दुर्गा के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करने की कोशिश की है। ये गीत हर उस भक्त के लिए है जो मां के चरणों में अपना समर्पण अर्पित करता है। मुझे उम्मीद है कि यह गीत श्रोताओं के दिलों में बसेगा और उनकी आस्था को और मजबूत करेगा।₹ उन्होंने आगे कहा, ₹मैंने और शिल्पी राज ने इस गीत को पूरी भावना और समर्पण के साथ गाया है, और मुझे खुशी है कि इसे लोगों का इतना प्यार मिल रहा है। नवरात्रि के इस पावन अवसर पर यह गीत भक्तों को मां की कृपा का अहसास कराएगा।₹ बता दें कि इस गीत को रितेश पांडेय और मशहूर गायिका शिल्पी राज ने अपनी आवाज़ दी है, जबकि इस अद्भुत गीत के बोल आर आर पंकज ने लिखे हैं। संगीतकार भगवान जी के निर्देशन में इस गीत को एक अद्वितीय पारंपरिक अंदाज में प्रस्तुत किया गया है।

## लाइफ स्टाइल

### विंटर कलेक्शन की धूम



पेरिस में अपने हाउते कॉउचर फॉल/विंटर कलेक्शन शो के हिस्से के रूप में डिज़ाइनर एली साब की कृतियाँ चर्चा में रही। यहां डिजाइनरों, प्रमुख फैशन हाउस और मशहूर हस्तियों ने भाग लिया, जिसमें रंग, प्रिंट और आश्चर्यजनक रूप से अद्वितीय शिल्प कौशल की झलक देखने को मिली। पेरिस हाउते कॉउचर फैशन वीक असाधारण फैशन शिल्प कौशल से चौंकाता है।

## नेल एक्सटेंशन हटाने के बाद नाखूनों को ऐसे बनाएं



नाखूनों को मजबूती देने के लिए सही तरीके से इनकी देखभाल करना बेहद जरूरी होता है। वहीं अक्सर नेल एक्सटेंशन का चलन काफी बढ़ गया है, लेकिन ये नेल एक्सटेंशन्स नाखूनों को कमजोर बना सकते हैं और इनकी इनकी चमक को भी फीका कर देते हैं। नाखूनों की देखभाल करने के लिए सबसे पहले नेल एक्सटेंशन को हटा दें। इसके बाद आप सबसे पहले अपने हाथों को एक बाउल गुनगुने पानी में डूबोकर रखें।

करीब 5 से 10 मिनट तक नाखूनों को डिबोकर रखें और इसके बाद एलोवेरा के पौधे से पत्तियां तोड़कर और उन्हें छीलकर जेल से मसाज करें। इस तरह आप 10 मिनट तक हाथों की उंगलियों और नाखून पर एलोवरा जेल का इस्तेमाल करें।

अब गुनगुने पानी में एलोवेरा जेल, 2 चम्मच नारियल का तेल और 1 विटामिन-ई की कैप्सूल को काटकर डालें। इन तीनों को अच्छी तरीके से मिक्स करने के बाद अपने हाथों को उसी पानी में डूबोकर कर रखें। करीब 10 मिनट के बाद हाथों को तौलिए की मदद से साफ करके क्यूटीक्लस को काट लें और नेल्स को शेप दें। इसके बाद आप नाखूनों पर ट्रांसपेरेंट नेल पेंट लगा लें। आखिर में अगर आपके हाथ ड्राई महसूस कर रहे हो तो आप नारियल के तेल की मदद लेकर अपने हाथों और नाखूनों पर मसाज भी कर सकती हैं।

## अक्टूबर से है खादी का अटूट संबंध, आप भी अपनाइए


फैशन

खादी सिर्फ हमारे स्वतंत्रता आंदोलन की प्रतीक नहीं है बल्कि इसने स्वतंत्र भारत में फैशन के तौर पर अपनी अलग जगह बनाई है। आप चाहें तो खादी को आजमा सकती हैं। वैसे भी अक्टूबर माह में गांधी जयंती के मौके पर खादी सप्ताह या कहीं कहीं खादी माह का आयोजन होता है। इस महीने की शुरूआत जहां हम बापू को याद करते हैं, वहीं महीने के आखिर में लौह पुरुष सरदार पटेल और लौह महिला इंदिरा गांधी की याद के दिन रहते हैं। इन सभी हस्तियों का खादी से गहरा नाता रहा है। इस महीने में रियायती दर पर अपनी पसंद की खादी ले सकते हैं।



### खरीदे कुछ अलग रंग

लोगों को लगता है कि खादी के कपड़े सिर्फ हल्के रंगों में ही मिलते हैं, जबकि ऐसा नहीं है। आपको बाजार में हर रंग में खादी के कपड़े उपलब्ध हो जाएंगे। अलग-अलग रंगों के कपड़े आपको बेहद क्लासी लुक देंगे।

### स्टाइल को दें प्राथमिकता

ऐसा नहीं है कि खादी के फैब्रिक में आपको सिर्फ एथनिक वियर ही मिले। आज के समय में आपको खादी से बने एथनिक के अलावा कैजुअल और इंडो वेस्टर्न कपड़े भी मिल जाएंगे। बाजार में आपको खादी के लहंगे से लेकर शेरवानी तक मिल जाएंगे।

### एक्सेसरीज का रखें ध्यान

खादी के कपड़ों के सआथ ज्वेलरी थोड़ी हल्की ही कैरी करें। अगर आप ज्यादा हैवी ज्वेलरी कैरी करेंगी तो इससे आपका लुक बिगड़ सकता है। ऐसे में कोशिश करें कि अपने आउटफिट के हिसाब से ही एक्सेसरीज करें।

### मेकअप का रखें खास ध्यान

खादी के आउटफिट के साथ मेकअप करते वक्त ध्यान रखें कि अगर आप ज्यादा डार्क मेकअप करेंगी तो ये आपके लुक को खराब कर देगा। इसके साथ न्यूड मेकअप बेहद कमाल का लगेगा।

### फुटवियर

अगर आप खादी के आउटफिट के साथ फ्लैट स्लीपर या मोजरी पहनेंगी तो ये आपके लुक में चार चांद लगा देगा।

## प्री वेडिंग फोटोशूट में दिखना है खूबसूरत, तो ट्राई करें ये वेस्टर्न



प्री वेडिंग फोटोशूट हर कोई करना पसंद करता है। ऐसे में आप अपनी मनपसंद डेस्टिनेशन और आउटफिट को स्टाइल करके शूट करा सकती हैं।आजकल हर चीज का ट्रेंड बदल गया है। अब लोग पहले की तरह सिर्फ सीधा शादी नहीं करते हैं, बल्कि प्री वेडिंग फोटोशूट कराते हैं। ऐसा इसलिए ताकि उनके साथ शादी से पहले की कुछ यादें हैं जिन्हें देखकर वो हमेशा उस पल को याद करें। इसे कराने के लिए हर कोई अपनी मनपसंद डेस्टिनेशन को चूज करना है। कई साड़ी लड़कियां ऐसी होती हैं जो अपने लिए शूट पर पहनने वाले आउटफिट की शॉपिंग करती हैं। ऐसे में आप चाहे तो वेस्टर्न आउटफिट को वियर कर सकती हैं।

### गाउन करें वियर

अगर आपको रॉयल तरीके से अपना फोटोशूट कराना है तो इसके लिए आप लॉन्ग टेल या फिर बॉल गाउन खरीद सकती हैं। इस तरीके के गाउन में फोटो काफी अच्छी आती है। खास बात ये है कि इस गाउन को स्टाइल करके आप किसी प्रिंसेस से कम नहीं लगेंगी। इसमें आप अपना प्री वेडिंग फोटोशूट करा सकती हैं। आप इसमें वी नेकलाइन या फिर ऑफ शोल्डर गाउन खरीदकर वियर कर सकती हैं। आप चाहे तो रेंज पर भी लेकर इन्हें वियर कर सकती हैं। इसे खरीदने के लिए आपको 2500 से 5000 रुपये खर्च करने पड़ेंगे।

### जंपसूट करें वियर

अगर आपको कुछ स्टाइलिश लुक क्रिएट करना है तो इसके लिए आप जंपसूट को वियर कर सकती हैं।

## छोटे बालों में ट्राई करें ये हेयरस्टाइल, जानें बनाने का तरीका



हेयर स्टाइल अलग-अलग तरीके से बनाए जाते हैं। कई सारे ऐसे होते हैं जो लंबे बालों में अच्छे लगते हैं तो कुछ ऐसे होते हैं जिन्हें बनाने के लिए छोटे बाल अच्छे होते हैं। लेकिन अक्सर ऐसा होता है कि छोटे बालों में आसानी से हेयर स्टाइल नहीं बन पाता है, जिसकी वजह से समय भी ज्यादा लगता है और हेयर स्टाइल वैसा नहीं बनता जैसा हम सोचते हैं। ऐसे में आपको यहां बताए गए आसान हेयर स्टाइल को ट्राई करना चाहिए। इससे आपके बाल जल्दी बन जाएंगे, साथ ही आप खूबसूरत भी नजर आएंगी।

### कर्ली वेव हेयर स्टाइल

ऐसा जरूरी नहीं है कि हैवी कर्ल सिर्फ बड़े बालों में ही अच्छे लगते हैं। छोटे बालों में भी ये काफी अच्छे लगते हैं। इस तरीके के हेयर स्टाइल को आप साड़ी या सूट के साथ बना सकती हैं। हैवी कर्ल साइड पार्टिशन हेयर स्टाइल के साथ हैवी हेयर एक्सेसरीज भी खूब जमती है। आप भी इसी तरीके के हेयर स्टाइल को ट्राई कर सकती हैं। इससे आपका लुक काफी अच्छा लगेगा। इसे बनाने में समय भी कम खर्च होगा। बस आपको इसके लिए कर्ल मशीन से इसे हैवी कर्ल करना है। इसके बाद एक साइड में हेयर एक्सेसरीज लगानी है। इस तरीके से सिर्फ 15 मिनट में आपका हेयर स्टाइल बनकर तैयार हो जाएगा।

### बन विद गजरा हेयर स्टाइल

आप लो बन विद गजरा हेयर स्टाइल ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके के हेयर स्टाइल को बनाने में समय कम लगता है। इसके लिए आपको पहले अपने बालों में आगे की तरफ बैक कॉमिंग करके पफ बनाना है। फिर इसे पिन की मजज से सेट करना है। अब नीचे की तरफ बन बनाना है। आप इसे बनाने के लिए बाजार में मिलने वाले आर्टिफिशियल बन का इस्तेमाल करें। इससे जुड़ा अच्छा और हैवी बनेगा। इसके बाद इसमें गजरा लगाना है। आगे की तरफ थोड़े से बाल निकालें और कर्ल करें।

कार्नर न्यूज

### सर्दियों से पहले आमतौर पर त्वचा की समस्या आती है सामने

## मानसून के बाद त्वचा हो जाती है बेजान जरूरी टिप्स अपनाकर रहें तरोताजा

*मानसून खत्म होते ही अक्सर लोगों को त्वचा से जुड़ी समस्याएं होने लगती हैं। सर्दियों के आते-आते स्किन पर दाने, सोरायसिस, और रूखी त्वचा जैसी परेशानियां बढ़ जाती हैं। अगर आप भी ऐसी समस्याओं से परेशान हैं, तो अब घबराने की जरूरत नहीं है। मानसून के जाने के बाद अपने शरीर को कैसे रीफ्रेश और एनर्जेटिक रख सकते हैं, यहां कुछ टिप्स बताए जा रहे हैं। इनको फॉलो कर आप अपने बॉडी को हेल्दी रख सकते है-*



### सूखे और बेकरी उत्पादों से बचें

हेल्थ एक्सपट्र्स की मानें मानसून के बाद शरद ऋतु यानी सर्दियों के मौसम में पित्त का प्रभाव ज्यादा होता है, जिससे सोरायसिस जैसी बीमारियां बढ़ जाती हैं। इस मौसम में सूखे और बेकरी उत्पादों का सेवन कम करना चाहिए, क्योंकि ये पित्त को बढ़ाते हैं और त्वचा की समस्याओं को बढ़ावा देते हैं।

### पेट साफ रखें

आपका पेट साफ होना बहुत जरूरी है। पेट की साफ-सफाई का सीधा असर आपकी त्वचा पर पड़ता है, इसलिए समय-समय पर पेट को साफ रखें।

### मौसमी सब्जियों का सेवन करें

अपने भोजन में करेला, परवल, आंवला, लौकी, नारियल और अंकुरित अनाज जैसे मौसमी सब्जियों का सेवन बढ़ाएं। ये सब्जियां आपकी त्वचा को स्वस्थ रखने में मदद करती हैं।



### नियमित व्यायाम करें

पित्त की अधिकता के कारण इस मौसम में रक्तचाप भी बढ़ सकता है। इसलिए अपने आहार के साथ-साथ नियमित व्यायाम करना भी बहुत महत्वपूर्ण है। इससे रक्तचाप नियंत्रण में रहता है और त्वचा स्वस्थ रहती है।

### हल्का भोजन करें

पित्त रोगों से बचने के लिए हल्का भोजन करना चाहिए। गेहूं की रोटियों की बजाय जौ और मूंग दाल की रोटियों का सेवन करें। इससे आपका पेट हल्का रहेगा और त्वचा की समस्याएं कम होंगी।

### पर्याप्त पानी पीएं

इस मौसम में उचित मात्रा में पानी पीना बहुत जरूरी है। पानी त्वचा को हाइड्रेट रखता है और त्वचा के रोगों से बचाने में अहम भूमिका निभाता है।